मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त
एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी
बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी
के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के.
बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज
कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

# सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में दो नए पुजारी की नियुक्ति

**अयोध्या कार्यालय**



सागरिया पट्टी की बैठक में चुने गए दो पुजारी को आशीर्वाद देते महंत ज्ञानदास। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रामनगरी में सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी में अखिल भारतीय श्री पंच रामानंदीय निर्वाणी अखाड़ा के पंचायती व्यवस्था में सागरिया पट्टी के दो युवा संतों को हनुमानगढ़ी का पुजारी नियुक्त किया गया।

पूर्व अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत ज्ञानदास महाराज की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में पट्टी के वर्ष भर आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। सर्वसम्मति से सागरीय पट्टी के दो नए युवा संत को पुजारी देवेश दास शिष्य महंत संत दास और नीरज दास शिष्य जमुना दास को हनुमानजी महाराज की सेवा-पूजन का दायित्व सौंपने का निर्णय लिया गया। नवनियुक्त पुजारियों को श्री हनुमानजी महाराज के समक्ष दंडवत किया। महावीरी से उनका अभिषेक कराकर संकल्प के साथ सेवा कार्य का दायित्व ग्रहण कराया गया।

हनुमान गढ़ी के श्रीमहंत ज्ञानदास ने बताया कि हनुमानगढ़ी श्रीपंच रामानंदी निर्वाणी अखाड़ा की प्रधान पीठ है। यहां के संत त्याग, तपस्या तथा धर्मरक्षा की परंपरा के प्रतीक हैं। उन्होंने संतों को अनुशासन का स्मरण कराते हुए कहा कि कभी-कभी कुछ संत सायंकालीन स्नान के बाद बिना तिलक लगाए आश्रम से बाहर निकल जाते हैं, जो उचित नहीं है। पीठ की मर्यादाओं और सिद्धांतों का पालन ही संतों के सम्मान और प्रतिष्ठा का आधार है। संकटमोचन सेना के अध्यक्ष महंत संजय दास महाराज ने उपस्थित सभी संतों के प्रति आभार व्यक्त किया। श्री हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन श्रीमहंत प्रेमदास जी महाराज के उत्तराधिकारी, हनुमत संस्कृत स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य महंत डॉ. महेश दास महाराज और श्रृंगी ऋषि आश्रम पीठाधीश्वर महंत वरिष्ठ पुजारी हेमंत दास ने परंपरागत रीति से सभी का स्वागत किया। बैठक में महंत माधव दास, बाबा सरोज दास, बाबा रामप्रसाद दास, महंत बलराम दास, इंद्रदेव दास पहलवान, नागा रामदास, महंत सुरेंद्र दास, बाबा लक्ष्मण दास, विवेक दास, सरवन दास, पुजारी अनिल दास, अंबिका दास, मोहन दास, अंकित दास सहित अनेक संत उपस्थित रहे।

# राममंदिर पूर्ण होने पर वेद मंत्रों का महा अनुष्ठान

**अयोध्या कार्यालय।**

- महाराष्ट्र के आचार्यों द्वारा 90 दिनों तक चलेगा अनुष्ठान



यज्ञशाला में स्थापित किया गया राम दरबार की अस्थाई प्रतिमा और कलश।



यज्ञशाला में अनुष्ठान करते हुए महाराष्ट्र से आए आचार्य।

**अमृत विचार :** राम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण का कार्य संपन्न होने के बाद महाराष्ट्र के वैदिक आचार्यों के द्वारा परिसर स्थित यज्ञशाला में वेद मंत्रों की ऋचाओं के परायण के साथ अनुष्ठान किया जा रहा है। 90 दिनों तक चलने वाले इस महायज्ञ में शामिल होने के लिए 24 से अधिक आचार्यों का दल अयोध्या पहुंच गया है।

राम मंदिर निर्माण के विघ्न बाधा को रोकने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के संरक्षण में श्री सतगुरु ग्रुप के माध्यम से महाराष्ट्र के वैदिक विद्वान के द्वारा चारों वेदों के मंत्रों का पाठ और हवन पूजन का आयोजन परिसर निकट गणपति भवन किया गया था। यह अनुष्ठान चार महीने तक चला। जिसमें महाराष्ट्र के प्रत्येक जिले से वैदिक आचार्य यहां पहुंचकर इस अनुष्ठान में शामिल हुए। जिसके बाद महाराष्ट्र के आचार्यों ने अन्य तीर्थ स्थानों पर भी इसी तरह के अनुष्ठान किया है। अब मंदिर निर्माण का कार्य सम्पन्न होने पर दूसरी बार इस प्रकार का आयोजन मंदिर परिसर स्थित यज्ञ शाला में किया जा रहा है। महाराष्ट्र से आए 24 से अधिक वैदिक विद्वानों ने विधि-विधान पूर्वक वैदिक मंत्रोचार के बीच अनुष्ठान प्रारंभ किया है। धार्मिक मान्यता है कि वेदों के उच्चारण पूजा पद्धति से ग्रह और नक्षत्र अनुकूल बनते हैं।

आचार्यों ने बताया कि चारों वेदों का अनुष्ठान यहां किया जा रहा है । जिसमें चंडी पाठ, वरुण सूक्त और रुद्र सूक्त का पाठ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वेदों के प्रकांड विद्वान अलग-अलग वेदों का परायण संपन्न करेंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय के मुताबिक चार वेद दुनिया की प्राचीनतम धरोहर हैं। ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद और अथर्ववेद की 11 शाखाएं हैं। सभी वेद की शाखाओं के विद्वान भारत में मिलते हैं। महाराष्ट्र के वैदिक ब्राह्मणों की एक टोली वेद मंत्रों की ऋचाओं का परायण कर रामलला को वेद मंत्र सुना रहे है।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला जनसुनवाई 09 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही नौ मार्च को अयोध्या भ्रमण के लिए आएंगी। वह सर्किट हाउस में सुबह 11 बजे महिला जनसुनवाई करेंगी। इसके अलावा अन्य कार्यक्रमों में भाग लेंगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जिले की महिलाओं/ बालिकाओं से अपील की कि महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए किसी भी शिकायत, समस्या के समाधान के लिए 9 मार्च को सर्किट हाउस में आ सकती हैं।

### जिला पंचायत की बैठक आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह की अध्यक्षता में सात मार्च को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत की बैठक अटल बिहारी बाजपेयी सभागार में होगी। यह जानकारी अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत कार्यालय ने दी।

### मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक आज से

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य की दो दिवसीय समीक्षा बैठक आज शनिवार से राम जन्मभूमि परिसर स्थित कार्यालय में होगी। जिसमें मंदिर परिसर में चल रहे फिनिशिंग का कार्य के साथ, मंदिर परिसर के बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य, क्रॉसिंग 3 पर जगतगुरु माधवाचार्य द्वार निर्माण, ट्रस्ट भवन अतिथि गृह और ऑडिटोरियम के निर्माण के संबंध में समीक्षा की जाएगी। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के मुताबिक दिसंबर तक सभी निर्माण कार्य को संपन्न कर लिया जाएगा।

# जिला अस्पताल के ऑक्सीजन प्लांट में लगी आग, हड़कंप

**अयोध्या कार्यालय।**

- धुंए के बाद ऊंची ऊंची लपटों पर अस्पताल के स्टाफ ने पाया काबू
- वार्डों से मंगाए गए अग्निशमन यंत्र, आनन-फानन काटी गई आपूर्ति



जिला अस्पताल के ऑक्सीजन प्लांट के स्टेबलाइजर सेक्शन में लगी आग व उस पर काबू पाता कर्मचारी।

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट के स्टेबलाइजर सेक्शन में शुक्रवार को अचानक आग लग गई। ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं और धुआं इतना घना हो गया कि दूर से ही दिखाई देने लगा। घटना से अस्पताल परिसर में अफरातफरी मच गई। मरीज व तीमारदारों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए और तुरंत आपातकालीन कदम उठाए गए।

घटना शुक्रवार सुबह साढ़े दस बजे के करीब की बताई जा रही है। ऑक्सीजन प्लांट चल रहा था। अचानक प्लांट से धुंआ उठने लगा। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगी। आनन-फानन अस्पताल प्रशासन ने बिजली कटवाई। लाइट जाने के बाद जब भर्ती मरीजों और तीमारदारों को घटना की जानकारी हुई तो खलबली मच गई। मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी समेत अन्य कर्मचारी पहुंच गए।

प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो प्लांट के अंदर किसी के भी जाने की हिम्मत नहीं पड़ रही थी। इस बीच वार्डों से अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) मंगाए गए। बताया जाता है कि आग बुझाने में सात से आठ सिलेंडर का उपयोग किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही है। बिजली आपूर्ति बंद कराकर फायर एक्सटिंग्विशर से आग बुझाई गई। किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है।

उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजिस्ट और विशेषज्ञ टीम से क्षति का आकलन कराया जाएगा। मरम्मत कार्य पूरा होने तक अस्पताल में भर्ती मरीजों को ऑक्सीजन सिलेंडरों के माध्यम से आपूर्ति की जाएगी। अस्पताल में पहले से पर्याप्त संख्या में ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध हैं, इसलिए मरीजों की जान को कोई खतरा नहीं है।

### अनाड़ी चला रहा ऑक्सीजन प्लांट

ऑक्सीजन प्लांट को पीएम केयर फंड से कोरोना काल से दौरान स्थापित कराया गया था। इस भारी भरकम प्लांट को संचालित करने के लिए कोई ऑपरेटर नहीं है, बल्कि ओटी टेक्नीशियन से यह प्लांट संचालित कराया जा रहा है। बताया जाता है कि वह प्लांट संचालित करने में पूरी तरह अनाड़ी है।

## ...तो एक ही झटके में उड़ जाता जिला अस्पताल

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिला अस्पताल में स्थित ऑक्सीजन प्लांट में अचानक आग लगने से पूरे परिसर में एक घंटे तक अफरा-तफरी का माहौल था। ओपीडी के व्यस्त समय में यह घटना हुई, जब अस्पताल में लगभग 800 मरीज मौजूद थे। इसके अलावा 212 बेड वाले अस्पताल में भर्ती मरीज, उनके तीमारदार, डॉक्टर और स्टाफ था। जानकारों के अनुसार अगर समय पर आग पर काबू न पाया जाता तो प्लांट में मौजूद दो बड़े-बड़े ऑक्सीजन सिलेंडर में विस्फोट हो सकता था। जिसकी चपेट में अस्पताल के साथ-साथ आसपास के लोग भी आ सकते थे। सूत्रों के अनुसार आग प्लांट के स्टेबलाइजर या इलेक्ट्रिकल सेक्शन में लगी, संभावित रूप से शॉर्ट सर्किट के कारण। लपटें तेजी से फैलने लगीं और घना धुआं उठने लगा। अस्पताल प्रशासन ने तुरंत मुख्य बिजली आपूर्ति काट दी और वार्डों से अग्निशमन यंत्र मंगवाकर कर्मचारियों की मदद से आग बुझाई। कर्मचारियों की तत्परता से आग को जल्दी नियंत्रित कर लिया गया। किसी को कोई चोट नहीं आई, लेकिन प्लांट के कुछ हिस्सों को नुकसान पहुंचा है, जिससे यह फिलहाल बंद हो गया है। यह घटना एक बार फिर अस्पतालों में सुरक्षा मानकों की कमी पर सवाल उठाती है। कोरोना काल में स्थापित इस प्लांट से सैकड़ों मरीजों को पाइपलाइन के जरिए ऑक्सीजन मिलती थी। ओपीडी के समय इतनी बड़ी संख्या में लोग मौजूद होने के कारण हादसा और भी भयावह हो सकता था। स्थानीय लोग और मरीज परिजन इस घटना से सदमे में हैं और रखरखाव पर ध्यान देने की मांग कर रहे हैं।

- ओपीडी समय में पहुंचे थे करीब 800 मरीज

## सड़क किनारे मिला युवक का शव

**अयोध्या, अमृत विचार।** थाना कैंट अंतर्गत नियावां चौराहे के पास शुक्रवार सुबह एक युवक का शव मिला। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद उसकी पहचान मनोज (40) पुत्र स्व. रामनारायन निवासी अयोध्या धाम के रूप में हुई। उसके शरीर पर कहीं भी चोट के निशान नहीं थे।

थाना प्रभारी संदीप सिंह ने बताया कि मृतक के परिवार के लोगों ने बताया कि वह मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं था। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, रिपोर्ट मिलने पर ही मौत के कारण स्पष्ट होंगे। इस संदर्भ में कोई शिकायत नहीं मिली है।

# अयोध्या डिपो के आठ चालकों की संविदा समाप्त

- बिना सूचना 130 दिन से ज्यादा समय से चल रहे थे अनुपस्थित

**अयोध्या, अमृत विचार।** परिवहन निगम ने बिना सूचना 130 दिन से ज्यादा समय से लगातार अनुपस्थित चल रहे आठ संविदा चालकों की संविदा समाप्त कर दी है। इन सभी ने पूर्व में दी गई नोटिस का कोई जवाब भी नहीं दिया था।

अयोध्या डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आदित्य प्रकाश ने शुक्रवार को बताया कि डिपो में तैनात संविदा चालक लियाकत अली, कमलेश यादव, विवेक यादव, मोनू कुमार, आकाश मौर्या, विंध्यादीन, आशीष कुमार व शंभूनाथ आदि 130 दिनों से ज्यादा समय से बिना सूचना के लगातार अनुपस्थित चल रहे हैं। इसके चलते बसों का संचालन प्रभावित हो रहा था, जिससे निगम को आर्थिक क्षति भी हो रही थी। इन सभी चालकों को 10 फरवरी को कारण बताओ नोटिस भी जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा गया था। इसके बावजूद सभी न तो ड्यूटी पर उप स्थित हुए व न ही कोई जवाब दिया। संविदा नियमों का उल्लंघन करने के कारण इन सभी चालकों का नाम संविदा सूची से हटाते हुए इनकी प्रतिभूति राशि को जब्त कर लिया है।

# चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर श्रीराम महायंत्र के स्थापना की तैयारी शुरू

**अयोध्या कार्यालय।**

- 19 मार्च को कार्यक्रम में शामिल होंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**अमृत विचार :** श्रीराम मंदिर में चैत्र शुक्ल नवरात्रि के प्रतिपदा पर आयोजित श्रीराम महा यंत्र की स्थापना के कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो गई है। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने शुक्रवार को मंदिर परिसर पहुंचकर चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। कार्यक्रम की तैयारी की भी समीक्षा की।

राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्र ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 मार्च को श्रीराम मंदिर के द्वितीय तल पर श्रीराम महायंत्र की स्थापना करेंगी। जिसमें उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के लोगों को शामिल किया जायेगा। यह आयोजन राम मंदिर के आठ एकड़ की परिधि में बने परकोटा के बाहर उत्तरी दिशा के मैदान में किए जाने की योजना है। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सूचीबद्ध करीब 5000 लोगों को बुलाने की योजना है। कहा कि 300 से अधिक निर्माण करने वाली इकाइयों ने राम मंदिर के निर्माण में अपना सहयोग दिया हैं। उन सभी एजेंसियों की एलएंडटी के माध्यम से सूची प्राप्त करके उनके अधिकारियों को कार्यक्रम में उपस्थित रहने का निमंत्रण दिया जा रहा है।इस दौरान व्यवस्था प्रभारी गोपाल जी राव सहित सुरक्षा अधिकारी भी मौजूद रहे।

# 440-33 केवीए लाइन कार्य में अब पहले होगी सुरक्षा किट जांच

**अयोध्या कार्यालय**

- पॉवर कॉर्पोरेशन ने जारी किए निर्देश

> सभी जोनल अधिशासी अभियंता को निर्देश भेज दिए गए हैं। अयोध्या मंडल में पहले से सतर्कता बरती जा रही है। अवर अभियंताओं की बैठक सोमवार को बुलाई गई है।
> **-बृजेश कुमार, मुख्य अभियंता वितरण, मंडल**

**अमृत विचार :** पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने लाइन पर काम के दौरान होने वाले हादसों को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। हाल ही में लखनऊ समेत राज्य के विभिन्न जिलों में करंट लगने से हुई कई दुर्घटनाओं के बाद अब निगम ने नए सुरक्षा निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों का उद्देश्य कर्मचारियों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। खासकर 440 वोल्ट से लेकर 33 केवी तक की हाईटेंशन लाइनों पर कार्य करते समय।

पॉवर कॉर्पोरेशन के अनुसार, लाइन पर काम शुरू करने से पहले सुरक्षा किट की जांच करना उपकेंद्र ऑपरेटर की जिम्मेदारी होगी। यदि हेलमेट, सेफ्टी बेल्ट, इंसुलेटेड दस्ताने, जूते या अर्थ रॉड जैसी जरूरी सुरक्षा सामग्री नहीं होगी, तो ऑपरेटर खुद जिम्मेदार ठहराया जाएगा। लापरवाही सामने आने पर ऑपरेटर के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। निर्देश सभी जोनल मुख्य अभियंताओं को भेजे गए हैं, जिन्हें अब इन नियमों की कड़ी मॉनिटरिंग करनी होगी। संविदा एजेंसियों को भी कर्मचारियों को प्रशिक्षण और उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इससे अयोध्या सहित पूरे अवध क्षेत्र में बिजली कर्मचारियों के लिए काम सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी। स्थानीय लोग और कर्मचारी संघों ने इस कदम का स्वागत किया है, लेकिन मांग की है कि इन निर्देशों का सख्ती से पालन हो।

# तेल की किल्लत नहीं, कालाबाजारी करने वालों की खैर नहीं

**अयोध्या कार्यालय**

- बोले, जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश, इजरायल व ईरान युद्ध के बीच अफवाह फैलाने वालों को चेताया



जिला आपूर्ति कार्यालय में बैठक करते डीएसओ बृजेश मिश्रा व मौजूद अन्य।

**अमृत विचार :** जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्रा ने पंप एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ शुक्रवार को वर्चुअल बैठक की। उन्होंने इजरायल-ईरान के बीच चल रहे युद्ध के के बीच सोशल मीडिया पर चल रहीं ईंधन की किल्लत की अफवाहों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी प्रकार के तेल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है।

उन्होंने कहा कि जिले में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है। सभी पेट्रोल पंप और गैस एजेंसियां निर्बाध रूप से संचालित हो रही हैं। आम जनता को किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

डीएसओ ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभागीय इंस्पेक्टरों को निर्देश दिये कि पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी, जमाखोरी या अनियमित वितरण पर पूरी तरह रोक लगाने की कार्रवाई करें। स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी व्यक्ति को गैलन, डिब्बों या अन्य अनधिकृत माध्यमों से ईंधन नहीं दिया जाएगा। एलपीजी सिलेंडर का वितरण पहले उन उपभोक्ताओं को किया जाए जिन्होंने पहले बुकिंग कराई है। इससे पारदर्शिता बनी रहेगी और कोई भेदभाव नहीं होगा।

बैठक में इंडेन गैस के विक्रय अधिकारी एनसी प्रवीण और सूरज शुक्ला, बीपीसीएल के चंदन, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के यज्ञदीप सिंह, भारत पेट्रोलियम के रोहित, एचपीसी के रोचक सहित सभी आपूर्ति अधीक्षक और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने एकमत होकर पुष्टि की कि जिले में ईंधन की आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सुचारु है और कोई संकट की स्थिति नहीं है। लोगों से अपील की है कि वे केवल आधिकारिक स्रोतों से जानकारी लें और अफवाहों पर विश्वास न करें। किसी भी अनियमितता की सूचना तुरंत विभाग को दें, सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 08 को

**अयोध्या कार्यालय।** अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में 1192 अभ्यर्थी बैठेंगे। सहायक श्रमायुक्त एनके चौधरी ने बताया कि इनमें अयोध्या जिले से 465 बच्चे शामिल होंगे। परीक्षा आठ मार्च रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक बापू बालिका इण्टर कॉलेज साहबगंज में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय अयोध्या में मंडल के पांचों जिलों अयोध्या, अंबेडकरनगर, अमेठी, सुल्तानपुर और बाराबंकी में कुल 1192बच्चे परीक्षा के लिए पात्र पाए गए है। मंडल के प्रत्येक जिले में आठ मार्च को प्रवेश-परीक्षा होगी। अयोध्या में परीक्षा में शामिल होने के लिए कक्षा 06 में 263 और कक्षा नौ के लिए 202 बच्चे कुल 465 बच्चे पात्र पाए गए है।

**समीक्षा** सरकारी स्कूलों में बालिकाओं के शौचालय को लेकर गड़बड़ी पकड़े जाने पर नये मानक बने

# पर्याप्त रोशनी में दरवाजा खोलकर अपलोड करें फोटो

**अयोध्या कार्यालय।**

- महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिये निर्देश



> सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि बालिका शौचालय की फोटो अपलोड करते समय मानक का पूरा-पूरा पालन करें। मैं स्वयं भी भ्रमण कर अवलोकन करूंगा। यह 'स्वच्छ विद्यालय' और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक मजबूत पहल है, जो ड्रॉपआउट दर कम करने में भी सहायक साबित होगा। **-लालचंद, बीएसए, अयोध्या।**

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में बालिका शौचालय की स्थिति सुधारने के लिए शासन ने सख्त कदम उठाए हैं। प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड की जाने वाली बालिका शौचालयों की तस्वीरों की उच्च स्तर पर हुई समीक्षा में कई जिलों में अपलोड की गई फोटो में गंभीर कमियां पाई गई हैं। जिसके चलते नए मानक निर्धारित किए गए हैं।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारी और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने ब्लॉक के विद्यालयों के शिक्षकों को स्पष्ट आदेश दें। फोटो अपलोड करते समय मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। मानक के अनुसार शौचालय का दरवाजा खुला होना चाहिए बंद नहीं, अंदर पर्याप्त रोशनी होनी चाहिए, ताकि साफ-साफ दिखाई दे, सीट और फर्श पूरी तरह साफ-सुथरा होना चाहिए, कोई गंदगी नहीं होनी चाहिए, शौचालय की सीट साफ-साफ दिखनी चाहिए।

टाइल्स लगे होने चाहिए, बाहर स्पष्ट रूप से 'बालिका शौचालय' लिखा या बोर्ड लगा होना चाहिए। बता दें कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) से पहले जिलों में शौचालयों को पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाने का अभियान भी चल रहा है। जिसमें प्रेरणा पोर्टल पर रियल-टाइम फोटो अपलोड की मॉनिटरिंग हो रही है।

उच्चाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि इन मानकों का पालन न करने या लापरवाही बरतने पर संबंधित शिक्षकों, प्रधानाचार्यों और अधिकारियों के खिलाफ सख्त जवाबदेही तय की जाएगी। इससे शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन में जागरूकता बढ़ेगी और बालिकाओं के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित होंगी।

# मेडिकल कॉलेज में गृह युद्ध, सीएमएस-ईएमओ व फार्मासिस्ट को हटाया

- प्राचार्य ने देर शाम जारी किया पत्र, सीएमएस बोले, हमें शासन ने किया है नियुक्त, हटाना अधिकार क्षेत्र में नहीं

**अयोध्या कार्यालय।**

**अमृत विचार :** इजरायल और ईरान में चल रहे युद्ध के बीच जिले के राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज से गृहयुद्ध की खबर सामने आ रही है। यहां शुक्रवार शाम कॉलेज के प्राचार्य ने सीएमएस डॉ. अरविंद सिंह, ईएमओ डॉ.बागीश मिश्रा व फार्मासिस्ट योगेश मिश्रा को कॉलेज से हटाकर मूल विभाग भेजने के लिए निर्देशित कर दिया गया है। तीनों की रिलीविंग को हाल ही में आईं बिना बिल की दवाओं के बारे में आवाज उठाने से जोड़कर देखा जा रहा है।

कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. डीएस मर्तोलिया की तरफ से जारी पत्र के मुताबिक सीएमएस डॉ. अरविन्द कुमार सिंह से कहा गया है कि आप एक अप्रैल 2019 से तीन वर्षों के लिये प्रतिनियुक्ति पर तैनात थे। आपकी डयूटी एमआरडीसीसीएल स्टोर विभाग में लगाई गई थी। आप प्रतिनियुक्ति के बाद अधिकतम पांच वर्ष पूरे क चुके हैं। दो वर्ष और आप द्वारा सेवा दी जा चुकी है। वर्तमान में चिकित्सालय में पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध है। ऐसे में आपकी विशेषता एवं सेवाओं का लाभ अन्य किसी स्थान पर, जहां आवश्यकता हो वहां मिलना चाहिए। इसलिए आपको मूल विभाग हेतु कार्यमुक्त करते हुये निर्देशित किया जाता है कि आप अपना समस्त प्रभार चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरविन्द कुमार को हस्तांतरित कराकर महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें को अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत करते हुये उनके निर्देशानुसार कार्य करना सुनिश्चित करें। इसी तरह डॉ.बागीश मिश्रा को अपना कार्यभार डॉ. बसन्त कौशल को और फार्मासिस्ट योगेश मिश्रा को अपना समस्त कार्यभार डॉ. लक्ष्मण वर्मा को सौंपने के लिए निर्देशित किया गया है। बता दें कि योगेश ने ही दवाओं के गत्ते बिना बिल के कॉलेज में पहुंचने की बात उठाई थी। हालांकि थोड़ी देर बाद ही उन्होंने दूसरा पत्र जारी कर पल्ला झाड़ लिया था।

वहीं सीएमएस डॉ. अरविंद सिंह ने अमृत विचार से बात करते हुए कहा कि हाल ही में अनाधिकृत दवाओं का जखीरा मेडिकल कॉलेज पहुंचा था। फार्मासिस्ट ने स्टोर में लेने से मना कर दिया था। इन्होंने न सिर्फ फार्मासिस्ट पर दबाव बनाया बल्कि मुझसे भी दवा को रखवाने का आदेश देने के लिए कहा था। अब रिलीविंग का पत्र जारी कर दिया, ताकि ये लोग अनाधिकृत दवा खपा सकें। इसीलिए तीनों को हटाया जा रहा है। हालांकि सीएमएस शासन से नियुक्त होता है। हटाने का अधिकार इनके हाथ में नहीं है। सिर्फ शासन को लिख सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### जफरुल हसनैन वक्फ मकबरा बहु बेगम के एजेंट नियुक्त



**अयोध्या, अमृत विचार** : जिलाधिकारी अयोध्या निखिल टीकाराम फुंडे के आदेशानुसार नगर मजिस्ट्रेट अयोध्या संजीव कुमार उपाध्याय द्वारा संयुक्त विकास आयुक्त कार्यालय में हेड असिस्टेंट पद पर नियुक्त जफरुल हसनैन को वक़्फ़ मकबरा बहुबेगम का एजेंट नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर मौलाना जफर अब्बास कुम्मी, शावेज़ जाफरी एडवोकेट, तवील अब्बास, हामिद जाफर मीसम, मुश्फिक तौकीर जैदी एडवोकेटआदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस नियुक्ति से मकबरा बहुबेगम से जुड़ी धार्मिक परंपराओं के निर्वहन में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

### फूलों की होली व होली मिलन समारोह आज

**अयोध्या, अमृत विचार** : रोटरी क्लब ग्रेटर फैजाबाद द्वारा होली मिलन समारोह और फूलों की होली का आयोजन सात मार्च को सिविल लाइंस स्थित एक होटल में रात्रि साढ़े आठ बजे से किया जाएगा। क्लब के अध्यक्ष संजीव सोनी ने बताया कि इस वर्ष पर्यावरण और परंपरा को ध्यान में रखते हुए फूलों की होली खेली जाएगी। यह पूर्णतः पारिवारिक कार्यक्रम है जिसमें रोटरी क्लब ग्रेटर परिवार के सभी सदस्य सपरिवार शामिल होंगे।

### घर से बाइक सहित सामान चोरी

**बड़ागांव, अमृत विचार** : रौनाही थाना क्षेत्र के रामपुर ग्रंट के मजरे साहब का पुरवा स्थित जगदीश पुत्र छबिलाल के आवास से चोरों ने मोटरसाइकिल व घर में रखा सामान पार कर दिया। मामले की तहरीर पीड़ित ने थाना प्रभारी रौनाही को दी है। जगदीश ने दी गई तहरीर में बताया कि उसका घर गांव से बाहर सड़क पर है। होली के दिन गांव में रंग खेलने चला गए। इसी बीच चोरों ने घर में रखी मोटरसाइकिल, चांदी की करधन, सिंचाई के लिए रखी इलेक्ट्रिक मोटर पार कर दी। पुलिस चौकी प्रभारी ड्योढ़ी देवेंद्र नाथ राय ने बताया जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### 15 को लखनऊ चलने की अपील

**अयोध्या, अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक शुक्रवार को बहू बेगम मकबरा स्थित पार्टी कार्यालय पर हुई। अध्यक्षता मुख्य मंडल प्रभारी प्रदीप भारती ने की। मुख्य अतिथि मुख्य मंडल प्रभारी गया शंकर एडवोकेट र ने जिले के सभी विधानसभा, सेक्टर अध्यक्ष व बूथ कमेटी की समीक्षा की व 15 मार्च को बसपा संस्थापक कांशीराम की जयंती पर कांशीराम स्मारक स्थल लखनऊ चलने की अपील की। बैठक में अभय राव, रोहित गौतम, गुरू प्रसाद निषाद, राजेन्द्र गौतम, जागेश्वर कोरी, मुस्तफा अली, समेत अन्य मौजूद रहे।

### राजेपुर में श्रीमद्भागवत सप्ताह कथा 14 से

**पूराबाजार, अमृत विचार** : गोसाईगंज विधायक अभय सिंह द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन 14 से 20 मार्च तक होगा। आयोजन उनके माता–पिता की गया–जगन्नाथ यात्रा के बाद किया जा रहा है। विधायक अभय सिंह ने सुप्रसिद्ध कथावाचक आचार्य ज्ञान चंद्र द्विवेदी से उनके आवास पर भेंट कर श्रीमद्भागवत सप्ताह के आयोजन के संबंध में उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। आचार्य द्विवेदी श्रद्धालुओं को कथा श्रवण कराएंगे। कथा का आयोजन प्रतिदिन शाम चार से रात आठ बजे तक होगा। कथा स्थल पूराबाजार के राजेपुर गांव तय किया गया है। समापन पर 21 मार्च को भंडारा का आयोजन होगा। जानकारी तारुन ब्लॉक क्षेत्र में आयोजित पत्रकार वार्ता मे दी गई।

### बेसिक शिक्षा मंत्री नौ को करेंगे प्रदेशीय प्रतियोगिता का उद्घाटन

**अयोध्या, अमृत विचार** : डाभासेमर स्थित डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में नौ मार्च से आयोजित होने वाली 36 वीं प्रदेशीय बेसिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह करेंगे। सहायक शिक्षा निदेशक कौस्तुभ सिंह ने बताया कि तीन दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 18 मंडलों के लगभग छह हजार बालक व बालिका खिलाड़ी व लगभग दो हजार शिक्षक प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि करीब 25 वर्षों बाद जिले में आयोजित होने वाली प्रदेशीय बेसिक क्रीड़ा प्रतियोगिता की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही है। जिला व्यायाम शिक्षक विश्वनाथ सिंह ने कहा कि मंडल के सभी जिला व्यायाम व ब्लॉक व्यायाम शिक्षकों के साथ अन्य शिक्षक कार्यक्रम में सहयोग को तत्पर हैं।

# चंद मिनट की दूरी घंटों में तय करने की मजबूरी

## चौक से फतेहगंज, देवकाली बाईपास, नाका से शांति चौक, चौक घंटाघर से रिकाबगंज चौराहा तक के मार्ग पर दिन भर लगता जाम

**अयोध्या कार्यालय।**

**अमृत विचार** : अतिक्रमण व पार्किंग के अभाव में शहर के प्रमुख मार्ग व बाजारों में दिन भर जाम का नजारा दिखता है। नाका से फतेहगंज, चौक से फतेहगंज की दूरी जो चंद मिनटों में तय हो सकती है, उसे पार करने में घंटों का समय लग रहा है। यही हाल देवकाली बाईपास, नाका से शांति चौक, चौक घंटाघर से रिकाबगंज चौराहा तक के रास्ते का भी है।

जाम की मुख्य्य वजहों में पार्किंग का गंभीर अभाव सबसे आगे है। शहर में वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, लेकिन पर्याप्त पार्किंग स्थल नहीं हैं। बाजारों में दुकान के सामने सड़क पर ही वाहन खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे सड़क संकरी हो जाती है। दूसरी बड़ी वजह अतिक्रमण है। फुटपाथों और सड़क किनारों पर दुकानें, ठेले, रेहड़ी-पटरी और निर्माण सामग्री बेतरतीब ढंग से फैली हुई है। इससे पैदल चलने की जगह तो दूर, वाहनों की आवाजाही भी मुश्किल हो जाती है।

चौक क्षेत्र जैसे हृदय स्थल में यह समस्या सबसे ज्यादा दिखती है, जहां पटरी पर अतिक्रमण के कारण सड़क की चौड़ाई न के बराबर रह गई है। तीसरा प्रमुख कारण ई-रिक्शा वाहनों का अनियंत्रित संचालन है। कही भी वाहन रोक सवारी भरना, नियमों की अनदेखी जाम को और गहरा बनाती है। कई जगहों पर ई-रिक्शा सड़क के बीचों-बीच खड़े हो जाते हैं या गलत दिशा में चलते हैं, जिससे चार-पहिया वाहन फंस जाते हैं। देवकाली बाईपास और नाका क्षेत्र में यह समस्या खासतौर पर उफान पर है।हालांकि नगर निगम, पुलिस व यातायात कर्मियों द्वारा समय समय पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है, लेकिन कुछ समय बाद स्थिति जस की तस हो जाती है।



**नाका से फतेहगंज मार्ग**

नाका से फतेहगंज होकर चौक तक जाने वाला मार्ग पर हमेशा वाहनों का दबाव रहता है। अत्यंत संकरा मार्ग होने व ई–रिक्शा और ऑटो समेत चार पहिया वाहनों की भीड़ के चलते दिन भर यहां जाम की समस्या रहती है। यहां नाका हनुमानगढ़ी, नाका मकबरा, रामनगर मोड़ पर यातायात पुलिसकर्मी की तैनाती जरूर है लेकिन उचित प्रबंधन के अभाव में वह असहाय नजर आते हैं।



**फतेहगंज से चौक मार्ग**

फतेहंगज से चौक तक का मार्ग शहर का प्रमुख व्यवसायी केंद्र भी है। यहां थोक बाजार के साथ कई प्रमुख व्यवसायिक प्रतिष्ठान भी है। इससे जुड़ी कई गलियां भी व्यापारिक केंद्र है। लाजिमी है कि यह भीड़भाड़ वाला इलाका होगा। कई दशक पुरानी जर्जर व संकरी सड़कें, किनारे रेहड़ी–फड़ी समेत दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण, ग्राहकों के खड़े वाहन इस मार्ग को जाम में बदल देते हैं। हाल यह है कि लोग इस मार्ग पर मजबूरी में ही गुजरना पसंद करते हैं।



**चौक घंटाघर पर अतिक्रमण का जाल**

यह चित्र शहर की हृदयस्थली माने जाने वाले चौक घंटाघर का है। अतिक्रमण का जाल, उस पर बेतरतीब खड़े वाहन, इसके चलते सड़क कहां है यह पता ही नहीं चलता। शहर में आने जाने वाले प्रत्येक दूसरा व्यक्ति इस इलाके से होकर जरूर गुजरता है, लेकिन भीड़ व जाम के चलते मिनट की दूरी पूरी करने में घंटों लगता है। इस चौराहे पर पुलिस के जवान भी चौबीस घंटे तैनात रहते हैं लेकिन अतिक्रमण व जाम को देख मूकदर्शक बने रहते हैं।

### नागरिकों के साथ मिलकर करें समस्या का समाधान



अतिक्रमण होने, पार्किंग जोन न होने व ई–रिक्शा वाहनों का अनियंत्रित संचालन ही जाम की मुख्य वजह है। पीक आवर्स में जाम इतना बढ़ जाता है कि छात्रों, नौकरीपेशा लोगों व मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। व्यापारी भी प्रभावित हैं, क्योंकि ग्राहक जाम के कारण आने से कतराते हैं। **– डॉ. सुनीता अवस्थी, पूर्व प्राचार्य**



प्रशासन को चाहिए कि तत्काल अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाए। प्रमुख स्थलों पर मल्टी–लेवल पार्किंग बनवाए और ई–रिक्शा के लिए सख्त नियम लागू करे। ट्रैफिक पुलिस की संख्या बढ़ाकर और सिग्नल व्यवस्था को मजबूत करके इस समस्या पर अंकुश लगाया जा सकता है। **–प्रोफेसर डॉ. अंजनी कुमार सिंह**



अयोध्या स्मार्ट सिटी बनने की ओर अग्रसर है, लेकिन जब तक यातायात व्यवस्था नहीं सुधरेगी, तब तक आमजन की परेशानी बनी रहेगी। समय आ गया है कि प्रशासन और नागरिक मिलकर इस जाम के जाल से मुक्ति दिलाएं, ताकि शहर की शोभा और सुगमता दोनों बनी रहे। **–आर्यन सिंह**



आज अयोध्या शहर के किसी इलाके में जाएं लेकिन जाम इसे नहीं बच सकते। इसमें नागरिकों का जितना दोष है, उतना सिस्टम भी दोषी है। आखिर ऐसी कौन सी समस्या है, जिसका कई दशकों से निदान नहीं हो पा रहा। इसके समाधान के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। **–नीतीश शुक्ला**

> इन सभी क्षेत्रों में यातायात कर्मियों की तैनाती की गई है। नगर निगम व पुलिस बल के साथ अतिक्रमण भी हटाया जाता है। चौक की पुरानी सब्जी मंडी में शॉपिंग कॉम्पलेक्स व पार्किंग बनने के बाद ही समस्या का स्थायी समाधान होगा। **–एपी सिंह, एसपी यातायात।**

### महिलाओं के लिए रोजगार मेला आठ को

**अयोध्या।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सेवायोजन कार्यालय लखनऊ द्वारा आठ मार्च को सुबह 10 बजे से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर लखनऊ में केवल बेटियों/महिलाओं के लिए एक दिवसीय वृहद् पिंक रोजगार महाकुंभ का अयोजन किया जा रहा है। सहायक निदेशक सेवायोजन देवव्रत कुमार ने बताया कि इसमें निजी क्षेत्र की तकनीकी/गैर तकनीकी प्रतिष्ठित कम्पनियां भाग लेंगी। रोजगार महाकुम्भ में महिला अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष एवं शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक, परास्नातक, बीटेक, बीबीए, एमबीए, फार्मेसी सहित अन्य तकनीकी एवं सामान्य डिग्रीधारक उत्तीर्ण हैं। वह पंजीयन कर प्रतिभाग कर सकती हैं।

### जांच में 114 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त प्रमाणित

**अयोध्या, अमृत विचार** : सीएमओ डॉ. देवेंद्र भिटौरिया की अध्यक्षता में शुक्रवार को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत की बैठक आयोजित की गई। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संदीप कुमार शुक्ला ने बताया कि जिले की 114 ग्राम पंचायतों का चयन टीबी मुक्त घोषित करने हेतु किया गया था। इनकी जांच और सत्यापन बेसिक टीम, एसटीओ/एसटीएलओ/एसटीओ व मेडिकल ऑफिसर की टीम द्वारा किया गया। कमेटी ने सभी 114 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त प्रमाणित किया। इनमें से 95 ग्राम पंचायतों को कांस्य पदक, 14 को सिल्वर और पांच को गोल्ड श्रेणी में घोषित किया गया। टीबी मुक्त होने के मानक में प्रति 1000 आबादी पर 30 बलगम जांच, एक या कम मरीज, 85% सफलता दर, 60% निश्छय मित्र द्वारा पोषण पोटली प्रदान और 50% यू–डीआईएसटी/डीओटी/डीटीओ जांच शामिल हैं।

## बीडीओ सोहावल का यूपीएससी में चयन

**सोहावल, अयोध्या**

**अमृत विचार:** सोहावल विकास खंड अधिकारी अनुपम वर्मा ने यूपीएससी में सफलता हासिल कर सोहावल ब्लॉक और बाराबंकी जिले का मान बढ़ाया। सफलता पर अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ ग्राम प्रधानों ने बधाई दी।

बाराबंकी जिले की तहसील सदर के मुबारकपुर के किसान सुरेंद्र सिंह के पुत्र अनुपम ने साल 2022 बैच की पीसीएस परीक्षा मे उतीर्ण की। इसके बाद वह लगातार आईएएस परीक्षा की तैयारी में लगे रहे। अयोध्या के सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह के मार्ग दर्शन में प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण कर सफलता पाई। वह लगभग दो वर्ष से सोहावल के खंड विकास अधिकारी के पद पर तैनात हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह और माता शिक्षा मित्र पूनम वर्मा को दिया।

बीडीओ अनुपम वर्मा ने बताया कि उनकी शिक्षा दीक्षा बारांबकी तहसील सदर के ग्रामीण क्षेत्र मुबारकगंज में हुई। उन्होंने 2022 में पीसीएस परीक्षा पास की। पिता और मां का सपना आईएएस अधिकारी बनने का था। जिसके लिए अथक प्रयास से सपना पूरा हो सका। उनके चयन पर कर्मचारियों ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। क्षेत्र के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कप्तान तिवारी, प्रधान राजेश तिवारी, रामदीन कोरी, ज्वाला प्रसाद, नदीम मलिक, पूर्व प्रधान काली प्रसाद विश्वकर्मा, राजेंद्र गोस्वामी आदि ने बीडीओ के चयन पर खुशी का इजहार किया।



यूपीएससी में चयनित अनुपम वर्मा को माला पहनाकर स्वागत करते ब्लॉक के अधिकारी व कर्मचारी।

### यौमें विलादत मौला इमाम अलैहिस्सलाम मनाया

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : नवासा-ए-रसूल हजरत इमाम हसन अलैहिस्सलाम का यौमे विलादत बड़ी शान ओ शौकत के साथ मनाया गया। सिविल लाइंस रोडवेज वर्कशॉप स्थित गंज शहीद कब्रिस्तान के शोहदा को खिराज ए अकीदत पेश किया गया। दरगाह शरीफ हजरत शहीद मर्द रहमत उल्लाह अलैह के मुतवल्ली और सूफ़ी खानकाह एसोसिएशन उत्तर प्रदेश इकाई प्रदेश उपाध्यक्ष सूफ़ी जाहिद खान वारसी बाबा की सरपरस्ती में जश्न यौमे विलादत मौला इमाम हसन अलैहिस्सलाम मनाया गया। इस मौके पर रोज़ा इफ्तार और मुल्क में अमन चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई। उन्होंने कहा कि सीरत ए इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम हमे इंसानियत की भलाई का हुक्म देती है। तमाम सूफ़ी उनकी इस तालीम पर सदियों से अमल करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि सूफ़ी खानकाह एसोसिएशन राष्ट्रीय अध्यक्ष सूफ़ी मोहम्मद कौसर हसन मजीदी के नेतृत्व और निर्देश पर अखिल भारतीय स्तर पर सूफ़ीवादी विचारधारा को प्रोत्साहन देते हुए, राष्ट्रीय एकता और भाईचारे का अभियान चलाया जा रहा है।

## कीमती जेवरात व सामान के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या कार्यालय।**

- **तीन मार्च को वैष्णव नगर कॉलोनी में हुई चोरी की वारदात का खुलासा**

**अमृत विचार** : कोतवाली नगर पुलिस ने उसरू इलाके में स्थित वैष्णव नगर कॉलोनी में तीन मार्च की रात हुई चोरी की वारदात का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से कीमती जेवरात व अन्य सामान बरामद किया है।

वैष्णव नगर कॉलोनी उसरू निवासी पीड़ित राघवेंद्र कुमार यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि तीन मार्च की रात वह अपनी पत्नी के साथ खाना खाकर कमरे में सो गए थे। दूसरे दिन सुबह उठे तो देखा बगल के कमरे में रखी लकड़ी की आलमारी खुली थी व सामान बिखरा था। उसमें प्लास्टिक के बैग में रखे हुए सोने-चांदी के जेवरात, व आलमारी के ऊपर सूटकेस में रखी साड़ियां व अन्य सामान गायब था। गायब हुए सामान की कीमत करीब 10 लाख रुपये थी। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार मार्च को केस दर्ज किया गया था। घटना की जांच कर रहे चौकी प्रभारी नवीन मंडी जय किशोर अवस्थी व उनकी टीम ने सीसीटीवी व अन्य साक्ष्यों की मदद से आरोपी की पहचान करते हुए उसे गुरुवार रात करीब 10:30 बजे मनीवीर स्कूल के पास उसरू नहर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान नीरज यादव निवासी ग्राम परसवां शुकुल का पुरवा थाना इनायतनगर के रूप में हुई। आरोपी के पास चोरी हुए जेवरात समेत अन्य सामान बरामद किया गया। आरोपी का चालान कर दिया गया है।

## दुष्कर्म के दो आरोपियों पर केस दर्ज करने का आदेश

**अयोध्या, अमृत विचार** : सिविल जज जूनियर डिवीजन एफटीसी निवेदिका सिंह ने शुक्रवार को महिला के साथ दुष्कर्म करने एवं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में अज्ञात समेत दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश नगर कोतवाली पुलिस को दिया है। पीड़िता के पैरवी अधिवक्ता एखलाक अहमद ने बताया कि किराये के मकान में रहने वाली एक महिला परिवार के जीविकोपार्जन के लिए लोगों के घरों में बर्तन माजने का काम करती है।

वो 10 सिम्बर 2025 की सुबह करीब 4 बजे जब बर्तन मांजने के लिए निकली तो चाय पीने के लिए बाईपास स्थित आरबीएस होटल के निकट कल्लू की चाय की दुकान पर रूक गई। उस समय दुकान नहीं खुली थी। महिला दुकान खुलने के इंतजार में वहां तखत पर बैठ गई। तभी कल्लू की दुकान के दांये स्थित कबाड़ की दुकान से एक युवक निकला और उसे अकेली देख उसका मुंह दबाकर जबरन दुराचार किया। कुछ देर बार कल्लू के आने पर उसने सारी बात बतायी तो कल्लू ने उसे गाली दी और जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। इसकी शिकायत पीड़िता ने पुलिस से की, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर उसने न्याय के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया। जिस पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने आदेश दिया।



शहीद भगत सिंह ट्रस्ट की ओर आयोजित बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित होगीं 60 महिलाएं

**अयोध्या, अमृत विचार** :शहीद भगतसिंह स्मृति ट्रस्ट की एक बैठक आभा होटल में हुई। अध्यक्षता युवा साहित्यकार और ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. विशाल श्रीवास्तव ने की। चेयरमैन सत्यभान सिंह जनवादी ने कहा कि आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वयं सिद्धा सम्मान से 60 मातृ शक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। संचालन कर रहीं पूजा श्रीवास्तव ने कहा कि यह कार्यक्रम दो चरणों में सम्पन्न होगा।पहले चरण में नई दुनिया, नई स्त्री, नई संभावनाएं विषय पर सेमिनार होगा। जिसमें मुख्यतिथि वरिष्ठ साहित्यकार लेखक डॉ. पूनम सूद होंगी।उसके बाद मातृ शक्तियों का सम्मान होगा। बैठक में वरिष्ठ साहित्यकार रामजीत यादव, राजीव श्रीवास्तव, बृजेश श्रीवास्तव, मुजम्मिल फिदा, मोहम्मद जफर आदि मौजूद रहे।

## बालिकाओं को सिखाया आत्मरक्षा के गुर

**बारुन, अयोध्या**

**अमृत विचार।** मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय तरमा और देवरिया की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। उनको सेफ्टी टूल्स के उपयोग और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी गई।

जिला समन्वयक भास्कर सिंह ने बताया कि जिले के सभी परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 'वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण' योजना के माध्यम से बालिकाओं को विषम परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा करने में सक्षम बनाने के लिए यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षक वकार ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर प्रत्येक विद्यालय से पांच छात्राओं को चयनित कर पुरस्कृत किया गया। जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय तरमा की कक्षा सात की आयुषी यादव ने पहला, कक्षा आठ की अनामिका कश्यप ने दूसरा, कक्षा सात की मधु ने तीसरा, कक्षा छह की इल्मा बानो ने चौथा व कक्षा सात की पावनी रावत ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। यहां प्रधानाध्यापक उमेश कुमार श्रीवास्तव, शिक्षक मोहम्मद सरवर, शिक्षिका सरोज बिंद सहित विद्यालय की छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहीं। वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय देवरिया में भी प्रशिक्षण के दौरान पांच सर्वश्रेष्ठ छात्राओं का चयन किया गया। इनमें कक्षा सात की नव्या ने पहला, रोली ने दूसरा, कक्षा आठ की सिमरन ने तीसरा, कक्षा सात की शगुन ने चौथा व कक्षा आठ की शिवांशी ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। यहां प्रधानाध्यापिका मंजूलता तिवारी, शिक्षक सुनील सिंह, सहित छात्राएं मौजूद रहीं।



विद्यालय में आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेतीं छात्राएं। अमृत विचार

**मौसम** | **न्यूनतम भी सामान्य से अधिक, अभी तापमान में और इजाफा होने की संभावना**

## मार्च माह के पहले सप्ताह में अधिकतम तापमान 32 तक पहुंचा

**अयोध्या कार्यालय।**

- **अप्रैल माह में ही लू चलने का अंदेशा**

**अमृत विचार** : रामनगरी में मार्च के प्रथम सप्ताह में ही गर्मी ने आहट दे दी है। फरवरी माह के अंत तक 27 से 28 डिग्री तक रहने वाला अधिकतम तापमान करीब चार डिग्री बढ़कर 32 के आसपास पहुंच गया है। न्यूनतम तापमान में भी तीन से चार डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इस बार अप्रैल माह में लू का भी असर देखने को मिल सकता है।

मार्च माह की शुरूआत से ही गर्मी ने आहट दे दी है। घरों में रजाई-कंबल पैक होकर अंदर डाल दिए गए हैं, जबकि पंखे की आवश्यकता महसूस होने लगी है। इसका कारण तापमान में बढ़ोतरी है। एक मार्च से अयोध्या सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में तापमान में तेजी से इजाफा हुआ है। आईएमडी की रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के मैदानी इलाकों में अधिकतम तापमान सामान्य से 4-6 डिग्री या उससे अधिक ऊपर रहा है। अयोध्या में मार्च की शुरुआत में ही दिन का पारा 32 डिग्री के आसपास पहुंच गया है, जबकि न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 15 के आसपास दर्ज हो रहा है।

आचार्य नरेंद्र देव कृषि व प्रौद्योगिकी विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. सीताराम मिश्र के अनुसार अभी तापमान में और वृद्धि होने की संभावना है। मार्च के अंत तक अधिकतम तापमान 35-36 डिग्री तक पहुंच सकता है। साथ ही तेज हवा के चलते अप्रैल महीने में लू चलने की भी संभावना है। कहा कि यह असामान्य गर्मी फसलों, खासकर गेहूं और सरसों पर असर डाल सकती है। किसानों को सलाह दी जा रही है कि फसलों को हल्की सिंचाई जारी रखें और दोपहर के समय खेतों में काम से बचें।



**इस तरह बढ़ा तापमान**

| दिनांक | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| एक मार्च | 30 | 12.5 |
| दो मार्च | 31 | 11.5 |
| तीन मार्च | 32.5 | 13 |
| चार मार्च | 32 | 14.5 |
| पांच मार्च | 32 | 15.5 |
| छह मार्च | 31 | 14.5 |

(डिग्री सेल्सियस में)

## हैंडपंप और वाटर कूलिंग मशीनों को ठीक कराया जाये

**बीकापुर, अयोध्या**

**अमृत विचार।** बीकापुर नगर पंचायत की खुली बैठक शुक्रवार को नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडे राना की अध्यक्षता में परिसर में हुई। इसमें पंचायत क्षेत्र में खराब पड़े हैंडपंप तथा वाटर कूलिंग मशीनों को दुरुस्त कराए जाने की मांग सभासदों द्वारा की गई। जिस पर नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी द्वारा समस्या का निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया।

अधिशासी अधिकारी अंजू यादव ने बताया कि गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। नगर पंचायत क्षेत्र में साफ सफाई और पेयजल के लिए समुचित व्यवस्था होनी चाहिए, जिसके लिए सभासदों से सुझाव मांगा गया। नगर पंचायत में गृह कर तथा टैक्सी स्टैंड वसूली को लेकर भी चर्चा हुई। खुली बैठक में आए लोगों द्वारा हैंडपंप, जल निकासी की नाली, इंटरलॉकिंग, पेंशन आवास, राशन कार्ड, आवारा पशुओं से संबंधित शिकायत की गई। इस मौके पर सभासद प्रीति, देवमती, शोभा वर्मा, राम तीरथ यादव, सालिक राम पाल, राजेंद्र यादव, मुजीब अहमद, बृजभूषण पांडेय, रुबीना बनो, मनोज शर्मा, रामतेज आदि मौजूद रहे।

### शाह मोहमद ने रौशन किया नाम

**भेलसर, अयोध्या। अमृत विचार** : रुदौली के डीएसएम लायंस पब्लिक स्कूल के कक्षा 12 के छात्र शाह मोहम्मद अहमद ने 'इंस्पायर अवार्ड' के अंतर्गत एयर पोल्यूशन को कम करने विषय पर अपने अभिनव प्रोजेक्ट के माध्यम से चयनित होकर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. निहाल रज़ा व प्रधानाचार्या डॉ. भावना मिश्रा ने छात्र को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उसकी कड़ी मेहनत, लगन और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। शाह मोहम्मद अहमद ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के समस्त अध्यापकों एवं प्रधानाचार्या को दिया। उनके पिता शाह आमिर तबरेज, जो स्वयं एक अध्यापक हैं, ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे परिवार और विद्यालय के लिए गर्व का क्षण बताया।



## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय लोक अदालत 14 को

अयोध्या, अमृत विचार : राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को होगा। अदालत में अधिक से अधिक वादों को आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराया जा सकता है। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रंजिनी शुक्ला ने दी।

### ट्रॉली से गिरकर मजदूर की मौत

पूराबाजार, अमृत विचार : महराजगंज थाना क्षेत्र के मया बाजार-टांडा मार्ग पर गुरुवार देर रात सराय सागर गांव के पास भट्ठा मजदूर नागेडी.थाना राजा देवरी, जिला बिलोदा बाजार, छत्तीसगढ़ निवासी सुरेश (30)ट्रैक्टर-ट्रॉली से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे सीएचसी मया बाजार पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।प्रभारी निरीक्षक महराजगंज राजेश सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली व चालक को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### सबजूनियर फुटबॉल ट्रायल 10 को

अयोध्या, अमृत विचार : क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय के तत्वावधान में डाभासेमर स्थित डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में जिला व मंडलीय सबजूनियर बालक फुटबॉल ट्रायल 10 मार्च को आयोजित होगा। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना ने बताया कि जिला स्तरीय ट्रायल सुबह 11 बजे होगा। इसमें सफल रहे खिलाड़ी दोपहर एक बजे आयोजित मंडलीय ट्रायल में प्रतिभाग करेंगे। ट्रायल से चयनित मंडलीय टीम प्रयागराज में 17 से 24 मार्च तक प्रदेश खेल निदेशालय के निर्देशन में आयोजित प्रदेशीय सबजूनियर बालक फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

# 25 करोड़ का शोध बजट, 14 माह में केवल 1.25 लाख खर्च

**अवध विश्वविद्यालय ने तैयार की थी विशेष रिसर्च पॉलिसी**

अयोध्या कार्यालय।

**• जनवरी 2025 में जारी हुआ था विशेष फंड , उठ रहे सवाल**

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने शोध कार्यों और उसकी गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से एक विशेष रिसर्च पॉलिसी तैयार की थी। इस नीति के तहत जनवरी 2025 में 25 करोड़ रुपये का विशेष फंड संरक्षित किया गया था। विश्वविद्यालय प्रशासन का दावा था कि यह राशि शोधार्थियों को प्रोत्साहन, उपकरण खरीद, सेमिनार, प्रकाशन और अन्य रिसर्च गतिविधियों के लिए उपलब्ध होगी, जिससे कि संस्थान राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर रैंकिंग हासिल कर सके।

हालांकि, एक वर्ष से अधिक बीत जाने के बाद भी इस फंड का उपयोग बेहद न्यूनतम रहा है। आंकड़ों के अनुसार, कुल आवंटित राशि का सिर्फ 0.05 प्रतिशत यानी 1.25 लाख रुपये ही खर्च किए जा सके हैं। इससे विश्वविद्यालय के शोध विभाग और प्रशासन की कार्यक्षमता पर सवाल उठ रहे हैं। शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं का कहना है कि इतनी बड़ी राशि का इतना कम उपयोग दर्शाता है कि या तो नीति निर्माण में कमी रही या फिर क्रियान्वयन में लापरवाही बरती गई।

सूत्रों का कहना है कि विभिन्न विभागों के जिम्मेदार विभागाध्यक्षों द्वारा संबंधित धनराशि के सदुपयोग को लेकर कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई। अब जब मार्च का पहला सप्ताह समाप्त होने को है तो संभावित ऑडिट को लेकर हलचल मची हुई है। बताया जा रहा है कि एक वर्ष के दौरान केवल 35 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए हैं जो गत वर्ष 2024 के मुकाबले काफी कम है। वर्ष 2024 में 150 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए थे तब तत्कालीन कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल थीं। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि फंड आवंटन के बाद भी प्रक्रियागत जटिलताएं, प्रस्तावों की मंजूरी में देरी या शोधार्थियों तक पहुंच न बन पाने के कारण यह स्थिति बनी। वहीं, विश्वविद्यालय प्रशासन ने अभी तक इस पर कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी नहीं किया है।

यह उच्च शिक्षा क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देने वाली योजनाओं की वास्तविकता को उजागर करता है। यदि ऐसी योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू नहीं होतीं, तो राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों को हासिल करना चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। शिक्षाविदों ने मांग की है कि विश्वविद्यालय जल्द ही फंड उपयोग की समीक्षा करे और बाकी राशि का उचित वितरण सुनिश्चित करे। अन्यथा, शोध गुणवत्ता बढ़ाने के दावे खोखले साबित होंगे।

> शोध को लेकर आवंटित धनराशि का कार्य वित्त विभाग की जिम्मेदारी है। इस मामले को देखा जा रहा है, कि क्या और कहां कमी रह गई है। धनराशि के दुरुपयोग का कोई मामला नहीं है। **-विनय कुमार सिंह,कुलसचिव, अवध विश्वविद्यालय।**

# कबड्डी चैंपियनशिप में यूपी को कांस्य

अयोध्या कार्यालय



विजेता खिलाड़ी के साथ कबड्डी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह।

**अमृत विचार:** गुजरात के बड़ोदरा में आयोजित 72 वीं सीनियर नेशनल मेन्स कबड्डी चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक हासिल किया। इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह के शुक्रवार को अयोध्या आगमन पर सहादतगंज स्थित उनके आवास पर खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष सिंह ने कहा कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 29 राज्यों के साथ रेलवे और सर्विसेज सहित कुल 31 टीमों ने भाग लिया था। ऐसे कठिन और प्रतिस्पर्धी माहौल में उत्तर प्रदेश की टीम ने बेहतरीन रणनीति और जुझारूपन के साथ सर्विसेज को पराजित कर कांस्य पदक अपने नाम किया। यह पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। कहा कि इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन

**प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत**

करने वाले खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय टीम में चयन, पुलिस, रेलवे, आयकर और बीपीसीएल जैसे विभागों में नौकरी और प्रो कबड्डी लीग में खेलने के अवसर भी बढ़ जाते हैं। टीम के कप्तान अर्जुन देशवाल (डिप्टी एसपी), विनय तेवतिया, आशु सिंह, शुभम् बालियान, नितिन पवार, साहुल कुमार और उदय डभास सहित सभी 14 खिलाड़ियों, कोच-मैनेजर और उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के पदाधिकारियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

कहा कि खिलाड़ियों ने यह साबित कर दिया है कि अनुशासन, कड़ी मेहनत और टीम भावना के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार और खेल विभाग के सहयोग से आने वाले समय में उत्तर प्रदेश की टीम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल करेगी।

# हाईटेक होगी अयोध्या कचहरी

अयोध्या, कार्यालय

**• बनेंगे मल्टी स्टोरी चैंबर**

**अमृत विचार :** अयोध्या कचहरी को लगभग 80 करोड़ रुपये से हाईटेक बनाने की योजना है। इसके लिए प्रदेश सरकार को डीपीआर भेजने के काम अंतिम चरण में है। यह जानकारी शुक्रवार को अधिवक्ता संघ के मंत्री शैलेंद्र कुमार जायसवाल ने दी।

उन्होंने बताया कि कचहरी में अधिवक्ताओं के बैठने के लिए बहु मंजिला भवन तथा पब्लिक चैंबर बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। हाईटेक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस एलोपैथी एवं होम्योपैथिक अस्पताल, स्टांप बेचने वालों के लिए ग्राउंड फ्लोर पर दुकान तथा अधिवक्ताओं के जलपान के लिए कचहरी में पश्चिम तरफ ए और पूर्व तरफ बी ब्लॉक मल्टी स्टोरी कैंटीन बनाने की रूपरेखा तैयार की गई है। इसके लिए शुक्रवार को जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे तथा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्रा ने कचहरी का निरीक्षण किया। यह चैंबर वादकारी शेड को खत्म करके अत्याधुनिक तरीके से बनाया जाएगा। इसमें 75 से 80 करोड़ रुपये की लागत आने की संभावना है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने मल्टी स्टोरी पार्किंग के लिए कचहरी में घुसने वाले गेट के लोकार्पण के समय इसके संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया था।

## ग्राम चौपाल में नहीं पहुंचे अधिकारी और कर्मचारी

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के उमरनी पिपरी पंचायत भवन पर आयोजित ग्राम चौपाल में पंचायत सचिव नसीम खान द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का संदेश भी पढ़कर सुनाया गया। त्रिस्तरीय पंचायत की मतदाता सूची के सत्यापन के संबंध में भी चर्चा हुई। इस दौरान ग्राम जन चौपाल में सिर्फ तीन मामले आए। दो शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इस मौके पर प्रधान दयाराम वर्मा, पंचायत सहायक अरविंद वर्मा मौजूद रहे। वहीं बैती कला ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर आयोजित ग्राम जन चौपाल में प्रधान अनिल सिंह, पंचायत सचिव राजेश चौधरी और पंचायत कर्मी शामिल रहे। दोनों ग्राम चौपाल में स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व, आपूर्ति विभाग सहित अन्य विभाग का कोई भी अधिकारी- कर्मचारी मौजूद नहीं रहा। नोडल अधिकारी भी नहीं पहुंचे। ग्रामीणों की संख्या भी काफी कम दिखाई दी।

# आरटीई प्रवेश का दूसरा चरण शुरू

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद में निजी विद्यालयों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया का दूसरा चरण शुरू हो गया है। इस चरण में आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों के अभिभावक सात मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस बार आवेदन के लिए आधार कार्ड को अनिवार्य कर दिया गया है।

आवेदन के दौरान अभिभावकों को सभी आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड करने होंगे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही आवेदन अंतिम रूप से स्वीकार किए जाएंगे। अधूरे या गलत कागजात पाए जाने पर आवेदन निरस्त किया जा सकता है। जनपद के कुल 832 निजी विद्यालयों में आरटीई के तहत 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं। पहले चरण में 548 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। शेष बची सीटों को भरने के लिए अब दूसरे चरण की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। पात्र आवेदनों के आधार पर 9 मार्च को लॉटरी निकाली जाएगी, जिसके माध्यम से बच्चों का चयन होगा। इसके बादए 11 मार्च को चयनित विद्यार्थियों को संबंधित स्कूलों का आवंटन कर दिया जाएगा। इस बार आवेदन प्रक्रिया में आधार कार्ड का उपयोग अनिवार्य किया गया है। इसके साथ ही यह भी आवश्यक है कि अभिभावक का बैंक खाता उनके आधार कार्ड से लिंक हो।



कलश यात्रा में मौजूद अंतरराष्ट्रीय कथावाचक डॉ. चंद्रांशु जी महाराज व साथ में नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता।

## कलश यात्रा के साथ लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शुरू

**बसखारी, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच बसखारी के मोतिगरपुर स्थित सिद्धेश्वर धाम पर 10 दिवसीय श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ की शुरुआत भव्य कलश शोभायात्रा यात्रा के साथ हुई। बसखारी के सिद्धेश्वर धाम पीठ पर शुक्रवार की सुबह से ही कलश यात्रा में शामिल होने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। अयोध्या से आये कथावाचक डॉ. चंद्रांशु जी महाराज एवं अन्य संतों ने वैदिक विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ व पूजा-अर्चना करते हुए इस धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत कराई। डीजे, ढोल और नगाड़े के बीच निकली शोभायात्रा में जहां महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं, वहीं हाथों में केसरिया झंडा लिए शोभा यात्रा में पुरुष शामिल रहे। शोभा यात्रा सिद्धेश्वर पीठ से टांडा रोड सब्जी मंडी होते हुए पूर्वी चौराहे से बाजार का भ्रमण करते हुए पुन: सिद्धेश्वर पीठ पर संपन्न हुई। इस दौरान सिद्धेश्वर पीठ के महंत कृष्णानंद महाराज, हिंदूवादी नेता श्याम बाबू गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता, डॉक्टर डीपी सिंह, विकास मौर्य, प्रधान प्रदीप सिंह, रवि कनौजिया, महेंद्र कुमार, सत्यम उपाध्याय, दिलीप साहू, अनुराग पांडे, दिलीप सिंह सहित भारी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। शोभायात्रा में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक डॉ. चंद्रांशु जी महाराज, महंत कृष्णानंद के साथ रथ पर विराजमान रहे।

# भव्य रूप से मनाई जाएगी कांशीराम जयंती

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** बसपा के संस्थापक मान्यवर कांशीराम की जयंती को भव्य रूप से मनाने की तैयारी को लेकर शुक्रवार को विधानसभा जलालपुर क्षेत्र के मंगुराडिला में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बसपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया और कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं अयोध्या मंडल प्रभारी रामनयन निर्दोष मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि मान्यवर कांशीराम ने बहुजन समाज को संगठित कर उन्हें राजनीतिक शक्ति देने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनके बताए मार्ग पर चलते हुए बसपा को मजबूत करना हम सभी की जिम्मेदारी है। बैठक की



कांशीराम के जन्मदिवस को ऐतिहासिक रूप से मनाने के लिए बैठक करते बसपाई।

अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष राजबहादुर ने की। उन्होंने कहा कि कांशीराम की जयंती पूरे क्षेत्र में सम्मान और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए गांव-गांव तक कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है।

**बसपा की बैठक में यह भी रहे उपस्थित :** बैठक में रामराज गौतम विधानसभा प्रभारी, अनिल वर्मा विधानसभा प्रभारी व पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनिल शर्मा, धीरेंद्र यादव वरिष्ठ नेता मालीपुर, द्रुपतनाथ भास्कर, कमला प्रसाद पाल विधानसभा महासचिव, समीर वर्मा विधानसभा सचिव, विजय बहादुर गौतम, विनय कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि मान्यवर कांशीराम के मिशन को जन-जन तक पहुंचाने और उनके जन्मदिवस को ऐतिहासिक रूप से मनाने के लिए पूरी ताकत से कार्य किया जाएगा।

## विपिनदेव ने यूपीएससी में हासिल की 316वीं रैंक



**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के हंसवर थाना अंतर्गत एकडल्ला गांव निवासी विपिनदेव यादव ने यूपीएससी आईएएस परीक्षा में 316वीं रैंक हासिल की है। उन्होंने अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विपिनदेव चौकीदार राजाराम यादव के पुत्र हैं। इस खुशी पर उनके गांव में जश्न का माहौल है। विपिनदेव को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। विपिनदेव यादव ने एसएसबी इंटर कॉलेज अयोध्या से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इसके बाद उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा प्रयागराज में पूरी की। रामनगर विकासखंड में कार्यरत ग्राम विकास अधिकारी रवींद्र देव यादव और शिक्षक इंद्रदेव यादव के भाई विपिनदेव की इस सफलता पर लोगों में हर्ष का माहौल है। उन्होंने यह सफलता अपने चौथे प्रयास में हासिल की है।

## रुद्र प्रताप ने हासिल की 345वीं रैंक



**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** आजमगढ़ जनपद के मूल निवासी रुद्र प्रताप सिंह ने कड़ी मेहनत और लगन के दम पर यूपीएससी परीक्षा में 345वीं रैंक हासिल कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिजनों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। बता दें कि रुद्र प्रताप सिंह मूल रूप से आजमगढ़ जनपद के निवासी हैं, लेकिन उनका परिवार वर्तमान में अंबेडकरनगर के इंद्रलोक कॉलोनी शहजादपुर में रहता है। रुद्र प्रताप की इस सफलता पर परिवार के लोगों, मित्रों और क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। रुद्र प्रताप सिंह की इस उपलब्धि से युवाओं को भी प्रेरणा मिल रही है कि मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

## जाली करंसी बनाने वाले आठ लोग गिरफ्तार

**आजमगढ़। अमृत विचार :** जिले के रौनापार थाने की पुलिस ने जाली करेंसी बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। क्षेत्राधिकारी सगड़ी के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष मंतोष सिंह की टीम क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सूचना के आधार पर पुलिस ने टेकनपुर पुलिया के पास घेराबंदी कर नितिन सिंह उर्फ भोला, ऋषिकेश सिंह उर्फ शनि, अभिषेक सिंह उर्फ कान्हा, आदित्य सिंह उर्फ चंकी, शिवम सिंह उर्फ विदुर, मुन्ना पांडेय समेत छह लोगों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ और उनकी निशानदेही पर पुलिस ने बाद में ग्राम जगदीशपुर से मनोज कुमार और रुद्र पांडेय को भी जाली नोट बनाने में प्रयुक्त उपकरणों के साथ गिरफ्तार कर लिया। एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गिरोह का सरगना मनीष मिश्रा है, जो लैपटॉप और प्रिंटर की मदद से ए-4 साइज पेपर पर जाली नोट प्रिंट कराता था। इसके बाद पेपर कटर से उन्हें असली नोट के आकार में काटा जाता था। आरोपी जाली नोटों को असली नोटों की गड्डियों के बीच रखकर बाजार, दुकानों और लेन-देन के दौरान चलाते थे। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक सफेद कार, 1.19 लाख रुपये की जाली मुद्रा, ए-4 साइज पेपर पर छपे नकली नोट, प्रिंटर, लैपटॉप, इंक की बोतलें, डिस्क ड्राइव, डीवीडी ड्राइव और सात मोबाइल फोन बरामद किया हैं।



मामले का खुलासा करते एसपी ग्रामीण चिराग जैन।

# प्रार्थना के साथ हुई तीसरे जुमे की नमाज

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** 16 रमजान को पवित्र माह का तीसरा जुमा यानी शुक्रवार पूरे जनपद में भारी उत्साह और अमन-चैन के साथ सकुशल संपन्न हुआ। मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी, जहां मुल्क में सुख-शांति, भाईचारे और बरकत की दुआएं मांगी गईं। इमामों ने रमजान की फजीलत और दूसरे अशरे की अहमियत बताई।

इमामबाड़ा मीरानपुर की जामा मस्जिद में मौलाना अकबर अली वाएज जलालपुरी ने तीसरे जुमे की नमाज से पहले कहा कि यह पाकीजा महीना मुसलमानों के लिए चिंतन, मनन और



जामा मस्जिद मीरानपुर में नमाजियों को संबोधित करते मौलाना अली अकबर।

आत्ममंथन के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। जनपद के विभिन्न स्थानों पर शुक्रवार की विशेष नमाज जामा मस्जिदों में दोपहर 12:30 से 2:30 बजे के बीच संपन्न हुई। खुत्बों में कहा गया कि रमजान का तीसरा जुमा अशरे नजात अर्थात जहन्नुम से आजादी के करीब होने के कारण आध्यात्मिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। नमाज के बाद देश और दुनिया में शांति व सलामती के लिए दुआएं की गईं। मस्जिदों में नमाजियों के लिए साफ-सफाई और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। इस बीच शांति व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पुलिस विभाग की तरफ से विशेष सतर्कता बरती गई।

### मजलिस कार्यक्रम आयोजित

अकबरपुर के ककरडिला-भड़सार ग्राम में रहबरे मोअज्जम सैयद अली खामेनेई की याद में तीन दिवसीय मजलिस का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मौलाना सैयद औन मुहम्मद ने संबोधित करते हुए कहा कि वह एक निडर और साहसी व्यक्ति थे, जो धर्म, जाति, वर्ग, नस्ल देखे बिना मजलूमों की आवाज बुलंद करते थे। विडम्बना ही है कि हर प्रकार के आतंकवाद का डटकर मुकाबला करने का दम खम रखने वाले वीर खामेनेई इजराइली व अमेरिकी आतंकवाद का शिकार हो गए। अजीम, मुहम्मद हैदर, मुहम्मद अब्बास आदि सम्मिलित हुए।



## जरूरतमंद परिवारों को रमजान किट का किया वितरण

**न्यौरी अंबेडकरनगर। अमृत विचार :** कस्बा जलालपुर की अग्रणी सामाजिक संस्था हमदर्द कबीला एसोसिएसन की जानिब से जरूरतमंद परिवारों को रमजान किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मौजूद उलेमाऔर समाजसेवियों ने इस नेक पहल बताते हुए कहा कि पाक रमजान का महीना इंसानियत भाईचारे और जरूरतमंदों के लिए मदद कर पैगाम देता है। कार्यक्रम में करी गयासुद्दीन, मशहूर एलाउंसर अकरम जलालपुरी, मजहरूलहक, इरफान आजमी, कुमैल सिद्दीकी, मास्टर अनीश समेत कई लोग मौजूद रहे। अंत में अल्लामा मुफ्ती मोहम्मद गयासुद्दीन की दुआ के साथ नेक कार्यक्रम का समापन हुआ। संस्था के संरक्षक सैयद आबिद हुसैन उर्फ बजरंगी भाईजान, संस्था के संस्थापक मेराज अहमद एवं संस्था के अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी मोहम्मद सद्दाम सिद्दीकी ने बताया कि रमजान के पाक महीने में जरूरतमंदों की सहायता के उद्देश्य से या रमजान की वितरित की गई है। इस मौके पर हामिद कमर फरीदी, मोहम्मद आसिफ, मास्टर जीशान हैदर समेत संस्था के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद सद्दाम सिद्दीकी ने कहा कि भविष्य में भी संस्था के पदाधिकारी के माध्यम से जरूरतमंदों की मदद के लिए ऐसे कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

**बैठक** | नगर पंचायत अध्यक्ष ने सभासदों के साथ बैठक में आय और क्षेत्र में कराए जाने वाले विकास कार्यों पर की चर्चा

# नगर पंचायत के विकास के लिए 31 करोड़ से ज्यादा का बजट पास

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में शुक्रवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 के मूल अनुमानित बजट पर चर्चा के लिए बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता की अध्यक्षता और अधिशासी अधिकारी संजय जैसवार के संचालन में आयोजित बोर्ड बैठक में बजट प्रस्ताव पर चर्चा की गई।

बैठक में नगर पंचायत का कुल अनुमानित मूल बजट 31 करोड़ 26 लाख 93 हजार रुपए प्रस्तुत किया गया, जिसमें 25 लाख रुपए का प्रारंभिक अवशेष भी शामिल है।



नगर पंचातय अशरफपुर किछौछा में बोर्ड की बैठक में मौजूद अध्यक्ष ओमकार गुप्ता व साथ में मौजूद अन्य।

इसके सापेक्ष अनुमानित व्यय 30 करोड़ 51 लाख 25 हजार रुपए निर्धारित किया गया। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नगर पंचायत का बजट 75 लाख 68 हजार रुपए के लाभ का प्रस्तावित किया गया। जिसे मौजूद सभासदों ने हर्ष ध्वनि मत से पारित कर दिया। बैठक के दौरान अध्यक्ष ने नगर क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक शौचालयों की नीलामी पर भी सभासदों के साथ चर्चा किया। साथ ही नगर क्षेत्र में बेहतर प्रकाश व्यवस्था के लिए विभिन्न प्रमुख मार्गों पर पोल व तिरंगा लाइट लगाने के प्रस्ताव पर विचार कर उसे पारित किया।

नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा बोर्ड के समक्ष अन्य विकास कार्यों के प्रस्ताव भी प्रस्तुत किए गए, जिन्हें सभासदों ने सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई। इसके अंतर्गत राजस्व ग्राम रसूलपुर दरगाह स्थित गाटा संख्या 780 ख व 813 में नए नगर पंचायत कार्यालय भवन का निर्माण, नगर पंचायत की समस्त गाडियों के रख-रखाव के लिए गैरेज और बाउंड्रीवॉल का निर्माण, अभिलेखीय रख-रखाव के लिए कक्ष का निर्माण, दो डिजिटल लाइब्रेरी और पार्क का निर्माण तथा गोदाम निर्माण के प्रस्ताव शामिल हैं।

### पोल व तिरंगा लाइट से जगमग होगा नगर

जलालपुर रोड पर यूनियन बैंक से इंटर कॉलेज गेट तक, आजमगढ़ रोड, जहांगीरगंज रोड, अकबरपुर रोड ब्लॉक तक, टांडा रोड पर नगर पंचायत सीमा तक तथा पक्के पोखरे से बाजार होते हुए माली चौराहा तक दोनों पटरियों पर पोल और तिरंगा लाइट लगाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में नगर पंचायत के लिपिक अभिषेक यादव, कार्यालय सहायक राकेश प्रजापति सहित सभासद मायाराम, सुभाष निषाद, प्रदीप कुमार, मोनू निषाद, लालमन, रामजी, मीरा रानी, सूरज लाल उपाध्याय, अमन गुप्ता समेत कई अन्य सभासद मौजूद रहे।

## घर में घुसकर दंपति पर हमला, नौ पर केस दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** कोतवाली जलालपुर क्षेत्र के शाहपुर फिरोजपुर गांव में घर का दरवाजा तोडक़र मारपीट करने के मामले में पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। हमले में पति समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्राम शाहपुर फिरोजपुर निवासी कौशिल्या पत्नी महेंद्र कुमार की तहरीर पर पुलिस ने टाइगर उर्फ जुगुन, मोनू, सागर, विशाल, गोलू, टीडे, डिंडे, सुक्खू व करिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीडिता के अनुसार 28 फरवरी 2026 की रात करीब 11 बजे वह अपने परिवार के साथ घर में सो रही थीं। उसी दौरान आरोपी लाठी-डंडे और लोहे की रॉड लेकर उनके घर का दरवाजा तोडक़र अंदर घुस आए। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके पति महेंद्र कुमार के सिर पर लोहे की रॉड से वार कर दिया।

## नहीं रहे स्वतंत्रता सेनानी बनवारी मिश्र

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के भियांव विकासखंड अंतर्गत कोलाहल पट्टी निवासी स्वतंत्रता सेनानी बनवारी मिश्र का आकस्मिक निधन हो गया। वह लगभग 72 वर्ष के थे। बनवारी मिश्र ने जेल भरो आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई थी और इस दौरान उन्हें छह महीने तक जेल में भी रहना पड़ा था। उस समय इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री थीं। उनके परिवार में पत्नी गंगा राजी और दो पुत्रियां हैं। उनकी एक पुत्री का निधन पहले हो चुका है। स्वतंत्रता सेनानी के निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पूर्व विधायक सुभाष राय, विधायक प्रत्याशी डॉ. राजेश सिंह, मिथिलेश त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख प्रत्याशी दीपक शुक्ला और जिला पंचायत सदस्य जयप्रकाश यादव सहित कई नेता और गणमान्य लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त करने उनके आवास पर पहुंचे। स्वतंत्रता सेनानी बनवारी मिश्र का अंतिम संस्कार दुर्वासा महामंडलेश्वर पर किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर होंगे आयोजन

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** जनपद में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मेरा युवा भारत और खेलो इंडिया के तत्वावधान में एक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की एएसएमआईटीए पहल के तहत यह कार्यक्रम 8 मार्च को बीएन इंटर कॉलेज अकबरपुर में सुबह 9 बजे से आयोजित होगा। जिला युवा अधिकारी मीनू बोहरा ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की खेलों में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसका लक्ष्य फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जमीनी स्तर पर खेल संस्कृति को सशक्त बनाना भी है।

न्यूज ब्रीफ

### वरिष्ठ अधिवक्ता के निधन पर जताया शोक

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** दीवानी न्यायालय के सिविल लाइंस निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल कुमार पाण्डेय के आकस्मिक निधन पर शुक्रवार को दीवानी न्यायालय स्थित अधिवक्ता संघ भवन में आयोजित शोकसभा में वकीलों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, सचिव दिनेश कुमार दूबे, पूर्व अध्यक्ष करुणाशंकर दूबे, महेंद्र प्रसाद शर्मा, नरेंद्र बहादुर सिंह, अयूब उल्ला खान, ज्ञानेश्वर द्विवेदी, राजेश शुक्ला, जयप्रकाश मिश्रा, अशोक शुक्ल आदि मौजूद रहे।

### अधिवक्ता हत्याकांड में डॉक्टर की वर्चुअल गवाही हुई दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में अभियोजन गवाह डॉक्टर वैभव जायसवाल की गवाही फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय न्यायाधीश विजय गुप्ता की अदालत में शुक्रवार को जरिए वीडियो कान्फ्रेंसिंग दर्ज की गई। अभियोजन पक्ष के वकील शेख नजर अहमद ने बताया शनिवार को डॉक्टर से जिरह होगी। छह अगस्त 2023 को शहर से सटे भुलकी चौराहे पर अधिवक्ता आजाद अहमद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जबकि उनके भाई मुनव्वर गोली लगने से घायल हो गए थे। मृतक के पिता मो. सलीम ने सिराज अहमद समेत कई अन्य के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

### रक्तदान शिविर 10 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** समाजसेवी विकास मिश्रा द्वारा अपने पिता की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर 'संकल्प सेवा अभियान' के अंतर्गत 10 मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) प्रतापपुर कमैंचा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। आयोजक विकास मिश्रा ने बताया कि शिविर का उद्देश्य जनपद के ब्लड बैंक में रक्त की उपलब्धता बढ़ाना तथा जरूरतमंद मरीजों को समय पर सहायता उपलब्ध कराना है।

### छप्पर में लगी आग से हजारों का नुकसान

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के मीरपुर सरैया गांव निवासी हृदय राम नागर के घर में गुरुवार रात अचानक आग लग गई। ग्रामीणों ने पानी और मिट्टी डालकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित के अनुसार आग में करीब तीन क्विंटल गेहूं, पांच क्विंटल चावल, लगभग 50 हजार रुपये नकद और अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। हल्का लेखपाल नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजी है।

# खड़े ट्रक में घुसी तेज रफ्तार बस, चालक की मौत व दो घायल

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर पूरे चोपई पाण्डेय, समरथपुर के पास 101.8 किमी प्वाइंट पर हुआ हादसा

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बल्दीराय थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। देहली बाजार-वलीपुर अंडरपास के पास पूरे चोपई पाण्डेय, समरथपुर के समीप 101.8 किलोमीटर प्वाइंट पर सड़क किनारे खड़ी ट्रक में पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस घुस गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में बस चालक की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

बीड़ी से लदी ट्रक पश्चिम बंगाल से जयपुर जा रही थी। गुरुवार रात करीब 11:20 बजे ट्रक अचानक खराब हो गई, जिसके बाद चालक ने उसे एक्सप्रेसवे की पीली पट्टी के किनारे खड़ा कर दिया था। शुक्रवार सुबह लगभग 7 बजे तेज रफ्तार बस सीधे खड़ी ट्रक से जा टकराई। प्राथमिक आशंका है कि बस चालक को झपकी आने के कारण हादसा हुआ। दुर्घटना में बस चालक इस्लाम पुत्र नूर आलम निवासी अकबरपुर बेत, थाना बिरौला, जिला दरभंगा (बिहार) गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं सहचालक नवीन पुत्र राजकिशन निवासी थाना पिपराइच, जिला गोरखपुर तथा रधापा पुत्र सोभाराम निवासी बुलंदाभाग बरोदा, जिला सोनीपत हरियाणा भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सीएचसी कुमारगंज भेजा गया, जहां इलाज के दौरान चालक इस्लाम की मौत हो गई। अन्य दोनों घायलों का उपचार जारी है। थानाध्यक्ष बल्दीराय नारद मुनि सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। यूपीड़ा टीम की मदद से एक्सप्रेसवे पर यातायात भी सामान्य करा दिया गया है।



पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर खड़े ट्रक में पीछे से घुसी बस। ● अमृत विचार

### सड़क हादसे में अधिवक्ता समेत दो घायल, अधिवक्ता रेफर

**संवाददाता, सुलतानपुर :** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार शाम बरौंसादृबिरसिंहपुर रोड पर अठैसी खाद गोदाम के सामने दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में अधिवक्ता समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया, जहां अधिवक्ता की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया। दोस्तपुर थाना क्षेत्र के मुरैनी गांव निवासी रणजीत उपाध्याय (55) पुत्र रामनरायन दीवानी न्यायालय सुलतानपुर में अधिवक्ता हैं। शुक्रवार को वह बाइक से अपने घर लौट रहे थे। शाम करीब साढ़े चार बजे जब वह जयसिंहपुर क्षेत्र के बरौंसादृबिरसिंहपुर मार्ग पर अठैसी खाद गोदाम के सामने पहुंचे, तभी सामने से आ रही बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। दूसरी बाइक ममरखा फुलौने गांव निवासी शिवपूजन पुत्र रामसुख चला रहे थे। आमने-सामने की टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में अधिवक्ता रणजीत उपाध्याय का एक पैर दो जगह से टूट गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी जयसिंहपुर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने अधिवक्ता रणजीत उपाध्याय की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया।


सड़क दुर्घटना में घायल अधिवक्ता। ● अमृत विचार

# चिकित्सक हत्याकांड में आज होगी बहस

- शोक प्रस्ताव के कारण टल गई थी बचाव पक्ष की बहस



विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** चर्चित चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में शुक्रवार को बचाव पक्ष की बहस शोक प्रस्ताव के कारण टल गई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया मामले में आरोपी दीपक सिंह की ओर से बहस के लिए कोर्ट न्यायाधीश संन्ध्या चौधरी की अदालत ने शनिवार की तारीख नियत की है। एडीजीसी पवन दूबे पहले ही अपनी बहस पूर्ण कर चुके हैं। यह मामला 23 सितंबर 2023 की उस घटना से जुड़ा है, जिसकी रिपोर्ट शास्त्री नगर निवासी वादिनी निशा तिवारी ने दर्ज कराई थी। मामले में चार आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल हुई थी, जिनमें से विजय नारायण सिंह और जगदीश नारायण सिंह की विचारण के दौरान मृत्यु हो चुकी है।

वर्तमान में अजय नारायण सिंह और दीपक सिंह के खिलाफ विचारण जारी है तथा बहस की प्रक्रिया अंतिम दौर पर है।

### साक्ष्य के अभाव में महिला के अपहरण का आरोपी बरी

अमेठी कोतवाली क्षेत्र से दो बच्चों की मां के अपहरण और विश्वासघात के मामले में न्यायाधीश राकेश ने साक्ष्य के अभाव में आरोपी मोहम्मद रफीक को बरी कर दिया है बचाव पक्ष की अधिवक्ता जगन्नाथ मिश्रा और शिवम सिंह ने मुकदमे में पैरवी की जिन्होंने बताया कि महिला के पति ने 17 जुलाई 2013 को विश्वास घात कर उसके अपहरण का मुकदमा मोहम्मद रफीक पर 8 सितंबर 2013 को दर्ज कराया था। विवेचना में पुलिस ने धोखाधड़ी का आरोप नहीं पाया और अपहरण तथा जारता करने के आरोपों में चार्जशीट दाखिल की। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष के गवाह घटना के संबंध में ठोस सबूत नहीं दे सके जिसके कारण एफटीसी कोर्ट के जज राकेश ने आरोपी को साक्ष्य के अभाव मे बरी कर दिया है।

### इंजीनियर हत्याकांड में सुनवाई 18 को

जल निगम के इंजीनियर संतोष कुमार की हत्या के बहुचर्चित मामले में शुक्रवार को शोक प्रस्ताव के कारण सुनवाई टल गई। मामले में एडीजे द्वितीय विशेष एससी-एसटी न्यायालय न्यायाधीश राकेश पांडेय की अदालत ने पूर्व कोतवाल अरुण द्विवेदी को गवाही के लिए तलब कर सुनवाई के लिए 18 मार्च की तारीख नियत की है। अभियोजन की ओर से पीड़ित पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा के मुताबिक 17 अगस्त 2024 को अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार की उनके घर में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में मृतक के भाई संजय कुमार ने सहायक अभियंता समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने सहायक अभियंता अमित कुमार शाह व आरोपी प्रदीप राम को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

### बीमा कंपनी को मृत युवक की मां को 5.20 लाख रुपये देने का आदेश

**संवाददाता, सुलतानपुर :** स्थायी लोक अदालत अध्यक्ष राधेश्याम यादव, सदस्यगण मृदुला राय व रमेश चन्द्र यादव की पीठ ने कोतवाली देहात के अग्रेसर निवासी युवक की बिजली करंट से हुई अमित की मृत्यु के मामले में महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए बीमा कंपनी को मृतक की मां को आर्थिक सहायता देने का आदेश दिया है।

अदालत ने ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को निर्देशित किया है कि वह मुख्यमंत्री किसान दुर्घटना एवं सर्वहित बीमा योजना के तहत पीड़िता को कुल 5,20,000 रुपये का भुगतान करे। मामले के अनुसार ग्राम अग्रेसर, पोस्ट सेमरी पुरुषोत्तमपुर निवासी सुशीला (72 वर्ष) के पुत्र अमित कुमार जायसवाल की 5 अक्टूबर 2018 को बिजली करंट लगने से मृत्यु हो गई थी। मृतक परिवार का मुख्य कमाऊ सदस्य था और उसी के सहारे वृद्ध माता-पिता का भरण-पोषण होता था। घटना के बाद पीड़िता ने मुख्यमंत्री किसान दुर्घटना एवं सर्वहित बीमा योजना के अंतर्गत दावा प्रस्तुत किया था, जिसे बीमा कंपनी ने विभिन्न आधारों पर निरस्त कर दिया था। प्रार्थिनी द्वारा स्थायी लोक अदालत में वाद दायर किए जाने पर सुनवाई के बाद अदालत ने बीमा कंपनी को 5 .20 लाख रुपये देने का आदेश दिया है।

# गोलीकांड में दूसरे पक्ष से भी एक की हुई मौत

- डीजे की आवाज को लेकर हुआ था खूनी संघर्ष तनाव के बीच पुलिस और पीएसी तैनात

भदैंया, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** देहात कोतवाली क्षेत्र के जनऊपुर गांव में डीजे की आवाज को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। गुरुवार शाम हुई मारपीट और फायरिंग की घटना में दूसरे पक्ष के युवक की भी मौत हो गई, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। घटना में कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि जनऊपुर निवासी रमेश सोनकर के बच्चों द्वारा होली के जश्न में डीजे बजाया जा रहा था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले होमगार्ड वीरेंद्र सोनकर के परिजनों ने डीजे की आवाज धीमी करने को कहा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई।

वीरेंद्र सोनकर की पत्नी शारदा देवी ने आरोप लगाया है कि पड़ोसी रमेश सोनकर ने अपने रिश्तेदार लंभुआ थाने के हिस्ट्रीशीटर दीपक उर्फ भोलू सोनकर, रामस्वारथ उर्फ रामकुमार, विपिन और अन्य लोगों के साथ मिलकर उनके घर पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान दीपक उर्फ भोलू सोनकर ने फायरिंग कर दी, जिसमें वीरेंद्र सोनकर, उनके बेटे मोहित और मंगल को गोली लग गई। गंभीर रूप से घायल मोहित की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि वीरेंद्र और मंगल को गंभीर हालत में लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।

वहीं दूसरे पक्ष की ओर से रमेश सोनकर की पत्नी गुलाबा सोनकर ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि वीरेंद्र सोनकर अपने बेटों मोहित, मंगल, श्यामलाल और अन्य लोगों के साथ उनके घर पर हमला करने पहुंचे थे। मारपीट में रमेश सोनकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किया गया था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

**भारी पुलिस बल तैनातः** घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। एहतियात के तौर पर धम्मौर, देहात कोतवाली, नगर कोतवाली, शिवगढ़ और बंधुआकला थाने की पुलिस के साथ पीएसी को भी गांव में तैनात कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### हिस्ट्रीशीटर दीपक सोनकर मुठभेड़ में चढ़ा पुलिस के हत्थे

**भदैंया, सुलतानपुर :** जनऊपुर गोलीकांड के आरोपी हिस्ट्रीशीटर दीपक सोनकर को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी को धोपाप क्षेत्र से पकड़ा गया था। गिरफ्तारी के बाद उसे असलहा बरामदगी के लिए ले जाया जा रहा था, तभी उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली दीपक के पैर में लग गई और वह घायल हो गया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी लंभुआ थाने का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ पहले से करीब दस आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।


पुलिस मुठभेड़ में घायल हिस्ट्रीशीटर।


सम्मानित किए गए मेधावी छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### राष्ट्रीय आय परीक्षा में सफल मेधावियों का सम्मान

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय टिकरिया में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा (एनएमएमएस) में सफल छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्रों ने इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आंचल यादव, आदर्श यादव, आसमीन बानो, प्रणव यादव, प्रीतम यादव, लकी पाल और अनूप यादव ने परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया। बताया गया कि इस परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा कक्षा 9 से 12 तक अध्ययन के दौरान प्रति वर्ष 12 हजार रुपये के हिसाब से कुल 48 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। विद्यालय द्वारा विगत तीन वर्षों में 21 मेधावी छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर चुके हैं।

# छात्राओं ने किया जूडो-कराटे का प्रदर्शन

धम्मौर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कम्पोजिट विद्यालय पुरेजिल्ला, विकास खंड दूबेपुर में शुक्रवार को रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली 40 छात्राओं को प्रशिक्षक अभिषेक सिंह एवं विद्यालय परिवार द्वारा प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने आत्मरक्षा से संबंधित विभिन्न जूडो-कराटे तकनीकों का प्रदर्शन भी किया।

विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रभावती यादव ने बताया कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण बालिकाओं के लिए एक महत्वपूर्ण जीवन कौशल है, जिससे वे शारीरिक हमलों, संभावित खतरों तथा आपात स्थितियों का सामना करने के लिए मानसिक व शारीरिक रूप से सक्षम बनती हैं। इस प्रशिक्षण से बालिकाओं में आत्मविश्वास की वृद्धि के साथ-साथ अनुशासन और शारीरिक क्षमता का भी विकास होता है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा के अंतर्गत सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 24 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य छात्राओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है तथा उन्हें सुरक्षित वातावरण में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है।


छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित। ● अमृत विचार

- 40 छात्राओं को मिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण का प्रमाणपत्र

### घर में घुसकर हमला, नौ लोगों पर मुकदमा दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कुड़वार थाना क्षेत्र में तिरछे गांव निवासी पंकज कुमार दूबे ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उन्होंने पड़ोसी रामप्रसाद को रास्ता रोकने से मना किया था। इसी बात को लेकर रामप्रसाद, दिव्येश, दिनेश, सूरज, सौरभ, विंदू, गोरे, छोटू और राजू समेत कई लोग लाठी-डंडा और कुल्हाड़ी लेकर उनके घर पहुंच गए और हमला कर दिया। आरोप है कि जब वह जान बचाकर घर में घुस गए, तो हमलावर वहां भी पहुंच गए और मारपीट करने लगे। बीच-बचाव करने आई उनकी पत्नी पूनम, विकास तथा निर्मला पत्नी शिवनाथ को भी आरोपियों ने पीट दिया। मारपीट में पंकज के सिर तथा पूनम और निर्मला के हाथ में चोटें आई हैं। कुड़वार थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर नौ नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### युवक पर हमला कर फोड़ी आंख, मुकदमा दर्ज

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मोतिगरपुर थाना क्षेत्र में शाहपुर लपटा निवासी मयंक पांडेय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एक मार्च 2026 की शाम वह दियरा चौराहा से अपने घर लौट रहे थे। आरोप है कि तभी दियरा पुल पार करने के बाद गौरा मोड़ के पास गांव के ही अभिषेक कुमार और प्रेम कुमार अपाची बाइक से पहुंचे और उनकी बाइक के बराबर आकर गाली-गलौज करने लगे। इसी दौरान अभिषेक ने लोहे की रॉड से मयंक की बाईं आंख पर वारकर दिया। हमले में उनकी आंख गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद पता चला कि उनकी आंख की रोशनी चली गई है। मोतिगरपुर थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### रंजिश में बुजुर्ग पर कुल्हाड़ी से हमला

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बल्दीराय थाना क्षेत्र के दौनो गांव निवासी राम सागर तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रंजिश को लेकर धर्मेन्द्र मिश्रा, लालमणि मिश्रा और उमानाथ मिश्रा लाठी-डंडा व कुल्हाड़ी लेकर खेत में पहुंच गए, जहां उनके पिता सुरेन्द्र प्रसाद तिवारी काम कर रहे थे। तीनों ने गाली-गलौज करते हुए उन पर हमला कर दिया। कुल्हाड़ी के वार से उनके सिर में गंभीर चोट आई, जबकि लाठी-डंडों से पूरे शरीर पर चोटें आई हैं। शोर मचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। बल्दीराय थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरी पुत्री अपराजिता गुप्ता (APARAJITA GUPTA) के जन्म प्रमाण-पत्र में पिता का नाम हरि बाबू गुप्ता अंकित हो गया है, जबकि पिता का सही नाम अतुल गुप्ता (ATUL GUPTA) है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति (मेरे) ही हैं। **अतुल गुप्ता पुत्र वेदप्रकाश गुप्ता निवासी मकान नं0-सी-147(1388) धीरजनगर आत्मादपुर सेक्टर 30 नियर जे0के0 पब्लिक स्कूल अमरनगर फरीदाबाद हरियाणा।**

**सूचना**
मैने अपना नाम SHADAB AHMED से बदलकर SHADAB AHMAD रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SARFARAZ AHMAD ADD-60, AATIF VIHAR COLONY, OPPOSITE BBD UNIVERSITY, UTTARDHAUNA, DIST-LUCKNOW-226028 (U.P.)

**सूचना**
मैने अपना नाम RAJEEV KUMAR से बदलकर RAJEEV KUMAR VAISH रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-GORAKH NATH R/0-G BLOCK FLAT NO- 701 SRISHTI APPARTMENT JANKIPURAM DIST-LUCKNOW-226021(U.P.)

**सूचना**
मैने अपना नाम तैय्यब अली जफर अली (TAYAB ALI JAFAR ALI) से बदलकर तैय्यब अली (TAYAB ALI) रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **तैय्यब अली पुत्र जफर अली मव नव-1104 सर्राफा बाजार खख्रेरु फतेहपुर उ0प्र0**

**सूचना**
मैने अपना नाम तैय्यब अली मेरुन निशा (TAYAB ALI MAHRUN NISHA) से बदलकर महरुन निशा (MOHRUN NISHA) रख लिया है। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **महरुन निशा पत्नी तैयब अली म0 न0-1104 सर्राफा बाजार खख्रेरु फतेहपुर उ0प्र0**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड नंबर 7937 81 52 2799 में मेरा नाम नंदनी (NANDANI) दर्ज है जो की गलत है शैक्षिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम नन्दिनी (NANDINI) दर्ज है जो शुद्ध है इसलिए आधार कार्ड में शुद्ध नाम नन्दिनी (NANDINI) दर्ज किया जाना चाहिए। **नन्दिनी पुत्री श्री मनोज यादव ग्राम व पोस्ट मालीपुर ब्लॉक व तहसील जलालपुर जिला अंबेडकर नगर**

**सूचना**
मेरी पॉलिसी संख्या 219153847 में मेरा नाम हामिदा खातून पुत्री शमीम बानो लिखा है जबकि अन्य सारे कागजात में मेरा नाम मुस्कान पुत्री अब्दुल फरीद लिखा है। मेरी पालिसी संख्या में भी मेरा नाम हामिदा खातून उर्फ मुस्कान पुत्री अब्दुल फरीद ही समझा जाए। **हामिदा खातून उर्फ मुस्कान पुत्री अब्दुल फरीद निवासी ग्राम धरमई, अलावल देवरिया जनपद गोंडा**

**सूचना**
मेरे पुत्र का नाम पुष्प मित्र सेन है। जिसे बदलकर अब मैंने देवांश मिश्रा कर दिया है। पुष्प मित्र सेन व देवांश मिश्रा दोनों एक ही हैं। इसलिए अब मेरे पुत्र पुष्प मित्र सेन को देवांश मिश्रा के नाम से जाना व पहचाना जाए। **लालता प्रसाद मिश्रा पुत्र राम अनुज मिश्रा ग्राम व पोस्ट बैरागीजोत, थाना व तहसील भिनगा, जिला श्रावस्ती उत्तर प्रदेश**

**सूचना**
मेरे भूखंड 5E-1/PH-3, वृन्दावन योजना, लखनऊ का मूल आवंटन पत्र संख्या: 2067 दिनांक 06-3-2013 जिस पर किसी भी प्रकार का ऋण नहीं लिया गया है, वास्तव में खो गया है जिसका प्रयोग अवैध है यदि किसी व्यक्ति / संस्थान को आपत्ति हो तो सूचित करें। - **सामर्थ अग्रवाल पुत्र प्रदीप कुमार अग्रवाल नि- रो- हाउस, प्लाट न 86, सेक्टर 4, नवी मुंबई, कूपर खारिने, थाने, महाराष्ट्र मो - 9820322714**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नित्यराम पुत्र बच्चू लाल निवासी ग्राम फतेहपुर ककरडिल्ला थाना कोतवाली अकबरपुर जनपद अंबेडकरनगर का स्थाई निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड 227613595451 में लिपिकीय त्रुटि बस नीते हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम नित्यराम है। मुझे नित्यराम नाम से जाना व पहचाना जाए। मेरे निर्वाचन कार्ड व अन्य अभिलेखों में भी मेरा नाम नित्यराम ही है।

आयोजन

कार्यक्रम में बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर सामाजिक समरसता और सद्भाव का दिया संदेश

# बाल संस्कार केंद्र में उत्साह व प्रेम के साथ मना होली मिलन समारोह

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** हथियानाला श्मशानघाट स्थित बाल संस्कार केंद्र पर शुक्रवार को होली मिलन समारोह उत्साह, प्रेम और भाईचारे के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर सामाजिक समरसता और सद्भाव का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण से हुई। इस अवसर पर मेहंदी प्रशिक्षण केंद्र और किशोरी विकास केंद्र का भी शुभारंभ किया गया, जिनके माध्यम से बालिकाओं व महिलाओं को कौशल विकास और आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया जाएगा। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सुलतानपुर के सह जिला कार्यवाह शक्ति प्रकाश ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को देवी का स्वरूप माना गया है और मातृशक्ति समाज व राष्ट्र की सशक्त आधारशिला है। वहीं विभाग महामंत्री डॉ. सुनील त्रिपाठी ने कहा कि सेवा भारती समाज में सेवा, संस्कार और समरसता की भावना को मजबूत करने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में ज्योति तिवारी, डॉ. राजीव त्रिपाठी, डॉ. अभिषेक पांडेय, विभाग सेवा प्रमुख दयाराम, सत्रुधन, विवेक, राहुल, शिक्षक दान बहादुर, अखिल प्रताप, शिखर पाठक तथा नगर प्रचारक सुशील सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शालिनी तिवारी ने की, जबकि रश्मि, नीलम, आरती विश्वकर्मा और दीपा सहित अनेक समाजसेवियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में सेवा, संस्कार और समरसता का प्रेरणादायी संदेश दिया गया।



कार्यक्रम में शाामिल अतिथिगण। ● अमृत विचार

### ऑपरेशन सवेरा के तहत पुलिस पहुंची बुजुर्गों के द्वार, जाना हाल

**संवाददाता, सुलतानपुर :** पुलिस वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा और सहायता को लेकर मानवीय पहल करते हुए "ऑपरेशन सवेरा" अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक चारू निगम के निर्देशन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में डायल-112 पीआरवी की टीमों ने पंजीकृत वरिष्ठ नागरिकों के घर-घर जाकर उनसे मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों ने बुजुर्गों से आत्मीय संवाद कर उनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य और रहन-सहन की जानकारी ली। साथ ही उनसे यह भी पूछा गया कि किसी बाहरी या परिचित व्यक्ति द्वारा उन्हें किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं दी जा रही है। पुलिस टीमों ने अकेले रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों को भरोसा दिलाया कि किसी भी समस्या की स्थिति में पुलिस तुरंत सहायता के लिए उपलब्ध रहेगी। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना और उन्हें भावनात्मक संबल प्रदान करना है, ताकि वे खुद को सुरक्षित और सम्मानित महसूस कर सकें।

# हाईवे पर दबंगों ने पशु व्यापारियों को पीटा, पिकअप वाहन तोड़ा

## पिटाई से एक व्यापारी की हालत गंभीर, जानलेवा हमले का मुकदमा हुआ दर्ज

नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** क्षेत्र के लोलपुर गांव में गोरखपुर-लखनऊ हाईवे पर बाईपास के पास गुरुवार की देर शाम पुरानी रंजिश में पशु व्यापारियों पर हमला कर दिया गया। एक दर्जन से अधिक दबंगों ने पिकअप रुकवाकर लाठी-डंडों से मारपीट की और दोनों वाहनों में तोड़फोड़ की। हमले में एक व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दो अन्य को भी चोटें आईं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अयोध्या के रौनाही क्षेत्र के शेखपुरा निवासी मोहम्मद जावेद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह गुरुवार को गोरखपुर के नारायनपुर पशु बाजार से छह भैंस खरीदकर दो पिकअप वाहनों से घर लौट रहा था। एक पिकअप पर उसके भाई हसमुद्दीन और फुरकान भी सवार थे, जबकि दूसरी पिकअप अलग चालक चला रहा था। शाम करीब साढ़े छह बजे जब दोनों पिकअप हाईवे पर लोलपुर बाईपास के पास पहुंचीं, तभी एक वाहन से आए करीब 15-16 लोगों ने आगे गाड़ी खड़ी कर रास्ता रोक लिया। आरोप है कि इसके बाद सभी लोग लाठी-डंडे लेकर उतर आए और पिकअप सवारों पर हमला कर दिया। हमले में मोहम्मद जावेद गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े, जबकि हसमुद्दीन और फुरकान को भी चोटें आईं। इस दौरान हमलावरों ने दोनों पिकअप में तोड़फोड़ की। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, जिसके बाद हमलावर भाग निकले। मोहम्मद जावेद के अनुसार बीते सोमवार को अयोध्या के सोहावल स्थित जुबेरगंज पशु बाजार में गाड़ी खड़ी करने को लेकर अयोध्या के दशरथपुर निवासी सूरज यादव से विवाद हो गया था। आरोप है कि उसी रंजिश में सूरज यादव अपने साथियों संदीप, सुरेंद्र, अतुल, धर्मेंद्र, सत्यम, पारस, राहुल, सुरेंद्र (पुत्र अज्ञात), भौंदल, आशीष, बजरंगी व दो-तीन अज्ञात लोगों के साथ मिलकर हमला करने आया था। वहीं दूसरी पिकअप के चालक मो. लतीफ ने बताया कि नारायनपुर पशु बाजार से कुछ लोगों ने उसकी पिकअप पर दो भैंस लादकर अयोध्या जाने को कहा था। दोनों पिकअप साथ चल रही थीं। बाईपास के पास कुछ लोगों ने उसकी गाड़ी भी रोक ली और मारपीट करते हुए पिकअप में तोड़फोड़ कर दी। घटना में गंभीर रूप से घायल मोहम्मद जावेद को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर नामजद व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### बच्चों के विवाद में महिला समेत तीन को पीटा

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** ढेमवा घाट चौकी अंतर्गत साकीपुर गांव में बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर बड़ों के बीच मारपीट हो गई। पीड़िता ने सात लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। साकीपुर गांव निवासी रुबी पत्नी सनी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर गांव के ही वासुदेव व जगलाल पुत्रगण सेई, मोहित पुत्र किशुन देव, प्रिंसी व अंतिमा पुत्री वासुदेव तथा राधा पत्नी वासुदेव ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। पीड़िता के अनुसार बीच-बचाव करने पहुंचे नीतू और कुलदीप को भी आरोपियों ने पीट दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। प्रभारी थानाध्यक्ष विश्वास चतुर्वेदी ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# महिला कर्मी के खाते से निकाले 1.50 लाख, ईओ समेत 3 पर केस

**पीएफ घोटाला**

**गोंडा, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद गोण्डा में पीएफ से फर्जी निकासी का मामला सामने आया है। एक सेवानिवृत्त महिला कर्मी के पीएफ खाते से फर्जी हस्ताक्षर के जरिए 1 लाख 50 हजार रुपये निकालने के आरोप में कोतवाली नगर पुलिस ने पालिका की तत्कालीन ईओ समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

नगर पालिका में चपरासी पद पर कार्यरत रहीं बड़ा इमामबाड़ा की आयशा बेगम ने आरोप लगाया कि वर्ष 2017 में उनके प्रोविडेंट फंड खाते से कूटरचित तरीके से कई बार में कुल 1.50 लाख रुपये निकाल लिए गए।

तहरीर के अनुसार 2 मार्च 2017 को तीन बार में 10 हजार, 20 हजार और 20 हजार रुपये, 15 मार्च 2017 को दो बार में 20-20 हजार रुपये तथा 16 मार्च 2017 को तीन बार में 20-20 हजार रुपये की निकासी की गई। आरोप है कि यह रकम फर्जी दस्तावेज और कूटरचित हस्ताक्षर के माध्यम से बैंक में निकासी रसीद प्रस्तुत कर निकाली गई, जबकि प्रार्थिनी उन तिथियों पर बैंक नहीं गई थीं और न ही निकासी पर्चियों पर उनके हस्ताक्षर हैं।

पुलिस ने इस मामले में पालिका के पीएफ लिपिक मुशफिक उर्फ संजू निवासी जलकल कॉलोनी गुरुनानक चौराहा, तत्कालीन अधिशासी अधिकारी (वर्ष 2017) प्रतिभा सिंह तथा बैंक ऑफ इंडिया शाखा गोण्डा के तत्कालीन कैशियर को नामजद किया है। आयशा बेगम का कहना है कि उन्हें हाल ही में अपने खाते से हुई निकासी की जानकारी हुई, जिसके बाद उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस और अधिकारियों से की। आरोप है कि पहले उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद न्यायालय की शरण ली गई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लाइव प्रसारण में पीएम मोदी ने किसानों को दिये टिप्स



कटरा में पीएम मोदी का लाइव प्रसारण सुनते किसान। ● अमृत विचार

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार :** शुक्रवार को कटरा बाजार ब्लाक सभागार में कृषि एवं ग्रामीण परिवर्तन थीम पर पोस्ट बजट वेबीनार का लाइव प्रसारण कृषि विभाग द्वारा आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्र के किसानो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव प्रसारण को सुना। प्रसारण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों को संबोधित कर कृषि में आधुनिक तकनीक, ग्रामीण बुनियादी ढांचे का विकास, और किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी कृषि शेष नारायण, राजकीय बीज गोदाम प्रभारी सुभाष चंद्र शुक्ल, बीटीएम सत्येंद्र सिंह, एटीएम श्रवण कुमार व संदीप शुक्ल, किसान सुनील कुमार तिवारी, संतोष कुमार, दीनानाथ अवस्थी, सुधाकर, अजय कुमार, गुलाबचंद, कृष्ण मुरारी सहित क्षेत्र के अन्य किसान उपस्थित रहे।

### दो छात्राएं एनएमएमएस परीक्षा में चयनित



चयनित छात्रा मानसी और खुशी।

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** फतेपुर पूर्व माध्यमिक विद्यालय की दो छात्राओं ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएस) 2026 में चयनित होकर गौरवान्वित किया है। प्रधानाध्यापिका राधिका देवी ने बताया कि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन बीते वर्ष 09 नवंबर को हुआ था, जिसका परिणाम 28 फरवरी को घोषित किया गया। इस परीक्षा में विद्यालय की कक्षा 08 की छात्रा मानसी मौर्या, पुत्री रामजी मौर्या तथा खुशी पुत्री सुरेश कुमार ने सफलता प्राप्त कर छात्रवृत्ति के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। ग्राम प्रधान महादेव सागर ने छात्राओं की हौसला अफजाई की।

# कार्तिकेय को मिली 269वीं रैंक

**सिविल सर्विस परिणाम**

- सांसद प्रतिनिधि के पुत्र ने दूसरे प्रयास में हासिल की सफलता



कार्तिकेय सिंह। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** जिले के मधईपुर निवासी कार्तिकेय सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) 2025 की परीक्षा में 269वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। कार्तिकेय कैसरगंज सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह के बड़े बेटे हैं और उन्होंने यह सफलता अपने दूसरे प्रयास में प्राप्त की है।

कार्तिकेय सिंह ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गोंडा में ही पूरी की। उन्होंने कक्षा 1 से 10 तक की पढ़ाई रघुकुल विद्यापीठ से की और वर्ष 2015 में हाईस्कूल उत्तीर्ण किया। इसके बाद उन्होंने फातिमा इंटर कॉलेज, सर्कुलर रोड से इंटर की पढ़ाई की और वर्ष 2017 में परीक्षा पास की। कार्तिकेय ने आईआईटी मुंबई से बीटेक की डिग्री हासिल की, जिसे उन्होंने वर्ष 2021 में पूरा किया। बीटेक के बाद उन्होंने यूपीएससी की तैयारी शुरू की और अपने दूसरे प्रयास में सफलता हासिल करते हुए 269वीं रैंक प्राप्त की। कार्तिकेय के पिता संजीव सिंह कैसरगंज के सांसद प्रतिनिधि हैं। उनकी माता किरण सिंह डाक विभाग में डाक अधीक्षक के पद पर तैनात हैं, जबकि छोटे भाई मार्कण्डेय सिंह लखनऊ उच्च न्यायालय में अधिवक्ता हैं। कार्तिकेय की सफलता पर परिवार में हर्ष का माहौल है। उनके पिता संजीव सिंह ने बताया कि जब वह इंटर की पढ़ाई कर रहे थे और इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए कोटा गए थे, तभी तय कर लिया था कि यूपीएससी परीक्षा पास करनी है। पिछले प्रयास में कार्तिकेय चार अंकों से इंटरव्यू के लिए चयनित नहीं हो सके थे।

### प्राची ने यूपीएससी में पायी 680वीं रैंक



माता-पिता के साथ प्राची।

**गोंडा, अमृत विचार :** यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा के घोषित परिणाम में जिले की बेटी प्राची शेखर सोनी ने 680वीं रैंक हासिल की है। हथियागढ़ निवासी सहायक अध्यापक कृष्ण कुमार सोनी व सरोज सोनी की पुत्री प्राची की इस उपलब्धि से परिवार व क्षेत्र में खुशी है। वर्तमान में वह बिहार प्रशासन में उप निर्वाचन अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। प्राची की यह पांचवां प्रयास था। परिवार में शिक्षा का माहौल रहा है। प्राची के बड़े भाई कीर्ति शेखर सोनी एमबीबीएस डॉक्टर हैं। छोटी बहन प्रज्ञा शेखर सोनी एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही हैं, जबकि सबसे छोटी बहन अपूर्व शेखर सोनी इंटरमीडिएट की छात्रा हैं। उनके माता-पिता दोनों सहायक अध्यापक हैं।

# युवाओं को रोजगार से जोड़ना प्राथमिकता

**बैठक**

**गोंडा, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में सेवा योजना विभाग की जनपद स्तरीय टास्कफोर्स समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान डीएम ने आईटीआई, उद्योग विभाग, पॉलिटेक्निक, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, कौशल विकास मिशन सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों से युवाओं को दिए जा रहे प्रशिक्षण से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। डीएम ने निर्देश दिए कि जनपद के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सभी विभाग समन्वय से कार्य करें। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार से जोड़ना शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है।

उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रमों को रोजगार से सीधे जोड़ने के लिए ठोस प्रयास करने के निर्देश भी दिए, ताकि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को शीघ्र रोजगार मिल सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, जिला सेवा योजना अधिकारी गुलाब राज, डीसी एनआरएलएम, डीसी मनरेगा, डीसी उद्योग, सेवायोजन विभाग के वीरेंद्र कुमार, कौशल विकास मिशन, आईटीआई सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करतीं डीएम प्रियंका निरंजन।

### पेयजल योजनाओं की रिपोर्ट तलब

**गोंडा, अमृत विचार :** जल जीवन मिशन के तहत चल रही पेयजल योजनाओं में लापरवाही पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। शुक्रवार को आयोजित समीक्षा बैठक में डीएम ने जल निगम के अधिकारियों से इन योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट तलब की है। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद में संचालित विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए चल रहे कार्यों की प्रगति का विस्तृत आकलन किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से ग्राम पंचायतों और मजरों में जल जीवन मिशन के तहत कराए जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि स्पष्ट किया जाए कि अब तक जनपद के कितने ग्राम पंचायतों और मजरों में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुचारु रूप से प्रारंभ हो चुकी है।

### आरपीएफ की सतर्कता से सुरक्षित मिला दिव्यांग युवक



आरपीएफ टीम के साथ मूक बधिर धर्मवीर। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष लखनऊ से प्राप्त सूचना पर आरपीएफ की सतर्कता से एक मूक-बधिर युवक को गुरुवार की रात सुरक्षित बरामद कर लिया गया। सूचना मिली थी कि एक मूक-बधिर व्यक्ति को दूसरा मूक-बधिर व्यक्ति बहला-फुसलाकर ट्रेन से कहीं ले जा रहा है। सूचना मिलते ही आरपीएफ पोस्ट के निरीक्षक अनिरुद्ध राय ने अपनी टीम तथा सीआईबी के साथ सतर्कता बढ़ा दी। इसी दौरान वैशाली एक्सप्रेस के गोण्डा जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर शाम करीब 7:25 बजे पहुंचने पर चेकिंग की गई। तलाशी के दौरान प्लेटफार्म नंबर एक स्थित फूड प्लाजा के पास एक बेंच पर संदिग्ध अवस्था में बैठा एक मूक-बधिर युवक मिला। आरपीएफ टीम ने इशारों के माध्यम से युवक से पूछताछ की। युवक के पास मौजूद मोबाइल फोन से उसके परिजनों से वीडियो कॉल कराया गया। संपर्क करने पर थाना लोटन, जनपद सिद्धार्थनगर में मौजूद उसके परिजनों ने युवक की पहचान धर्मवीर के रूप में की। धर्मवीर को बहला-फुसलाकर ले जाने वाले दूसरे मूक-बधिर व्यक्ति की वैशाली एक्सप्रेस में तलाश की गई, लेकिन वह नहीं मिला। आरपीएफ निरीक्षक अनिरुद्ध राय ने बताया कि धर्मवीर को उसके परिजनों के हवाले किया गया है।

### वाहनों की जांच में एक बस का चालान, वाहन सीज




प्राइवेट बस की जांच करते एआरटीओ प्रशासन आरसी भारतीय।

**गोंडा, अमृत विचार :** एआरटीओ (प्रशासन) आरसी भारतीय के नेतृत्व में परिवहन विभाग द्वारा अखिल भारतीय पर्यटक परमिट वाहनों तथा सामान्य यात्री वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। आवश्यक दस्तावेजों में कमी और यातायात नियमों के उल्लंघन के चलते एक बस का चालान किया गया, जबकि नियमों का पालन न करने पर एक अन्य वाहन को सीज कर दिया गया। चेकिंग अभियान के दौरान एआरटीओ (प्रशासन) आर.सी. भारतीय ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया। उन्होंने ड्राइवरों से अपील करते हुए कहा कि वे सुरक्षित ड्राइविंग को प्राथमिकता दें और यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वाहन चलाएं।

# सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल

**तरबगंज गोंडा, अमृत विचार:** सिंगहाचंदा मार्ग पर शुक्रवार दोपहर अज्ञात बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक पर बैठे दो लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां गम्भीर हालात मे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

दुर्घटना पिपरी रोहुआ स्थित खुदेपुर प्राथमिक विद्यालय के पास हुई। गोंडा जा रहे बाइक सवार दो लोगो को टक्कर के बाद सड़क पर गिरने से चोटें आईं। प्रधान प्रतिनिधि राकेश पाण्डेय ने बताया कि घायलों की पहचान खजुरी निवासी 43 वर्षीय रवि सिंह पुत्र धर्मराज सिंह और 52 वर्षीय हरिश्चंद्र पुत्र कीरत सिंह के रूप में हुई है। दोनों बाइक से गोंडा जा रहे थे तभी यह हादसा हुआ। सीएचसी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. निकेश सिंह ने जानकारी दी कि सड़क दुर्घटना में घायल दोनों बाइक सवारों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है।



जिला विद्यालय निरीक्षक डा रामचंद्र को गुलाल लगाते मंडलीय अध्यक्ष अजीत सिंह।

### रंगों और खुशियों का त्योहार है होली

**गोंडा, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षक संघ के तत्वाधान में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय सभागार में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डीआईओएस डॉ. रामचंद्र रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. रामचंद्र ने कहा कि होली का त्योहार हमें प्रेम, एकता और भाईचारे का संदेश देता है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ देवीपाटन मंडल के मंडलीय अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के लिए जाना जाता है। जिला संरक्षक बृजेश द्विवेदी ने कहा कि होली रंगों और खुशियों का त्योहार है। जिला क्रीड़ा सचिव राजेश पांडेय ने कहा कि होली मतभेदों को भुलाकर जीवन के जीवंत रंगों को अपनाने की सीख देती है। जिला मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर तथा मिठाई खिलाकर होली की बधाई दी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, राकेश कुमार शुक्ला, प्रधानाचार्य पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार सिंह, जगत नारायण यादव, विक्रमजीत सिंह, एबीवीपी नगर अध्यक्ष बेलसर अशोक कुमार, हंसराज भारती, पीतांबर कुमार, अशोक सिंह, सुनील कुमार, राजकुमार, कंट्रोल रूम प्रभारी प्रधानाचार्य करनीपुर इंद्रप्रकाश त्रिपाठी, पवन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# खूनी संघर्ष में 6 नामजद सहित 20 पर मुकदमा

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** कुम्हरौरा के मजरे ठाकुराइन पुरवा में जमीनी रंजिश को लेकर हुए खूनी संघर्ष के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

ठाकुराइन पुरवा में गुरुवार को जमीनी रंजिश को लेकर दो पक्षों में संघर्ष हो गया था। जिसमें एक पक्ष के एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए थे। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज ले जाया गया, जहां से तीन गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया था। पीड़ित पक्ष से मोहनलाल की तहरीर पर पुलिस ने विपक्षी मंजीत गोस्वामी, अमित गोस्वामी, राजेश गोस्वामी, मयंकर, दिलीप कुमार व ननकई देवी को नामजद करते हुए 15-20 अज्ञात लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। गांव में एहतियात के तौर पर पुलिस टीम तैनात की गई है। फिलहाल स्थिति सामान्य है।

# लक्ष्य पार, 1.20 लाख एमटी खरीदा गया धान

**गोंडा, अमृत विचार:** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत समर्थन मूल्य योजना में जनपद में धान खरीद सत्र का ससमापन हो गया। इस वर्ष जिले में निर्धारित लक्ष्य से अधिक धान की खरीद दर्ज की गई। जिले को 1,18,000 मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य दिया गया था, जिसके सापेक्ष 1,20,513.64 मीट्रिक टन धान खरीदा गया। इस प्रकार जिले ने 102.13 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

जिले में कुल 118 क्रय केंद्र स्वीकृत थे, जिनमें से 117 केंद्रों पर खरीद की गई। इन केंद्रों के माध्यम से 18,328 किसानों से धान की खरीद की गई। किसानों को भुगतान की प्रक्रिया भी तेजी से संचालित की गई, जिसके तहत अब तक 26,939.72 लाख रुपये किसानों के खातों में भेजे जा चुके हैं। यह कुल देय भुगतान का 94.36 प्रतिशत है। एजेंसीवार आंकड़ों के अनुसार खाद्य विभाग ने 41,961.09 मीट्रिक टन धान की खरीद कर लक्ष्य का 95.37 प्रतिशत हासिल किया। एफसीआई ने 11,485.61 मीट्रिक टन धान खरीद कर 76.57 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया। पीसीएफ ने 37,755.02 मीट्रिक टन धान खरीदकर 104.88 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की। सहकारी संघ ने 22,911.66 मीट्रिक टन धान खरीदकर 134.77 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया। भारतीय खाद्य निगम की नामित एजेंसी द्वारा 2,563.44 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई। जिला खाद्य विपणन अधिकारी एन.के. पाठक ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी व्यवस्था के तहत धान खरीद कराई गई है और अधिकांश किसानों का भुगतान कर दिया गया है। शेष भुगतान भी जल्द किसानों के खातों में भेज दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब जिले में गेहूं खरीद की तैयारी शुरू कर दी गई है और इसी माह से गेहूं क्रय केंद्रों का संचालन शुरू कराया जाएगा।

### रजा जामा मस्जिद गौरा चौकी में कुराने तराबीह मुकम्मल

**गौरा चौकी गोंडा, अमृत विचार :** माह-ए-रमजान की विशेष नमाज-ए-तरावीह कुरान 15वें रमजान को रज़ा जामा मस्जिद में मुकम्मल हो गया है। जुमेरात की रात बभनजोत ब्लॉक के गौरा चौकी के रजा जामा मस्जिद में रमजान के पंद्रहवें रात में काफी संख्या में रोजेदार नमाजियों ने तरावीह नमाज में कुरान सुनकर मुकम्मल किया। इस मौके पर हाफिज कुरान कारी मोहम्मद आसिफ को फूल माला पहनाकर मुबारक दी। रजा जामा मस्जिद के इमाम कारी मोहम्मद आसिफ ने नमाजे तराबी की अहमियत के बारे में चर्चा की। पूरा कुरआन मुकम्मल होने पर लोगों ने मुल्क में अमन चैन के लिए दुआएं मांगी। इशा की नमाज के बाद रमजान माह के दौरान विशेष नमाज तरावीह अदा की जाती है। रजा जामा मस्जिद में इमाम व कुरान हाफिज कारी मोहम्मद आसिफ ने तरावीह मुकम्मल कराई।

**जतायी चिंता** | तरबगंज विधानसभा क्षेत्र के पकड़ी बाजार में आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल हुए कैसरगंज सांसद

# युद्ध लंबा चला तो अर्थव्यवस्था को नुकसान : करण भूषण

**गोंडा, अमृत विचार :** कैसरगंज से भाजपा सांसद करण भूषण सिंह ने होली और रमजान के पाक महीने में हो रहे ईरान इजरायल युद्ध पर चिंता जताई है। भाजपा सांसद ने कहा कि युद्ध में इधर भी जान जाती है, उधर भी जाती है। अगर यह युद्ध लंबा चला तो देश की अर्थ व्यवस्था को नुकसान पहुंचेगा। हालांकि उन्होने दावा किया कि सरकार अपनी तरफ से पूरा प्रयास कर रही है कि बातचीत के जरिए इस मामले को सुलझाया जाए।



समारोह में मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित करते बीजेपी सांसद करण भूषण सिंह। ● अमृत विचार

भाजपा सांसद करण भूषण सिंह शुक्रवार को तरबगंज विधानसभा क्षेत्र के पकड़ी बाजार में आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। एक कंप्यूटर सेंटर की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होने सेंटर के मेधावी बच्चों को ट्राफी, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों तथा लोगों के साथ फूलों की होली खेली और होली गीत पर ठुमके भी लगाए। इसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए बीजेपी सांसद ने कहा कि पहले तो रमजान और होली के पाक महीने में यह युद्ध चल रहा है यह चिंताजनक है। उन्होंने दावा किया कि सब देश प्रयास कर रहे हैं कि शांति से बातचीत करके यह खत्म हो। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत को रूस से तेल खरीदने की अनुमति देने के सवाल पर बीजेपी सांसद ने कहा कि इस समय भारत की क्या स्थिति है यह सबको पता है। पहले किसी और के पीछे सब थे। आज इसमें बदलाव हुआ है। ईरान-इजरायल युद्ध पर भारत सरकार किसके साथ खड़ी है इस सवाल पर बीजेपी सांसद ने कहा कि सरकार युद्ध शांत करने के लिए खड़ी है। विदेश में फंसे लोगों के सवाल पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी व प्रधानमंत्री मोदी लगातार यह प्रयास कर रहे हैं कि अपने देश के एक करोड़ नागरिक जो वहां फंसे हैं उन्हें लाया जाए और सरकार इस पर काम कर रही है।

# मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव प्रारंभ

**करनैलगंज, अमृत विचार :** गाड़ी बाजार में नवनिर्मित जनकपुरी श्रीराम जानकी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम शुक्रवार को प्रारंभ हो गया। रविवार को कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। मंदिर में भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। नगर का सबसे पुराना जनकपुरी मंदिर जर्जर अवस्था में पहुंच चुका था। जिसका पुनर्निर्माण कराया गया है। शुक्रवार को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ एवं जलाधिवास, शनिवार को मूर्ति अनाधिवास तथा रविवार को प्रातः नगर दर्शन के साथ भव्य शोभायात्रा और शाम को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### साहित्य शरीर तो कला की आत्मा है संगीत : डॉ. मिश्र

**गोंडा, अमृत विचार :** काव्य संध्या एवं होली मिलन समारोह संगीत साधना सारस्वत सम्मान का आयोजन गायत्री पुरम् के तुलसी विहार स्थित भविष्य भूमि में शास्त्री महाविद्यालय के सेवानिवृत हिन्दी विभागाध्यक्ष डा. शैलेन्द्र नाथ मिश्र के संयोजन व डा. जयशंकर तिवारी के प्रबंधन में किया गया। वयोवृद्ध साहित्यकार साहित्य भूषण डा. सूर्य पाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह में दीर्घकालिक संगीत सेवा के लिए गायन के क्षेत्र में तुलसीदास द्विवेदी व वादन में पटमेश्वरी सिंह को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया। भविष्य भूमि के कला-मंच पर संगीतकार द्वय का स्वागत करते हुए साहित्यकार डा. शैलेन्द्र नाथ मिश्र ने कहा कि कला की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती ने साहित्य से नाद व्रह्म की शरीर एवं संगीत से उसके आत्मा की संरचना की है। समारोह का संचालन करते हुए भातखंडे संगीत विश्वविद्यालय लखनऊ के शोधार्थी अरुङेश शुक्ल ने बताया कि जनपद के हरखापुर निवासी तुलसीदास द्विवेदी ने गायन एवं मंगूराबाजार के धुंधापुरवा निवासी पटमेश्वरी सिंह ढोलक वादन में लगभग पचास वर्ष से साधना कर रहे हैं। समारोह में लोक संगीत के शास्त्रीय स्वरूप का परिचय देते हुए प्रशांत एव आर्यन दूबे ने फाग पर विभिन्न लय व ताल का परिचय देकर समारोह में रंग जमा दिया। उपस्थिति लोगो ने फूल व गुलाल की होली खेलकर एक दूसरे के सुखद जीवन एवं स्वर्णिम भविष्य की मंगलकामना की। आयोजन में साहित्य भूषण शिवाकांत मिश्र 'विद्रोही', राजेश ओझा, घनश्याम अवस्थी, त्रिलोकीनाथ मौर्य, सुरेन्द्र मिश्र, पुष्कर बाबू, आर जे शुक्ल 'यदुराय', शिव बालक सोनकर, हरीराम शुक्ल, "प्रजागर, रघुनाथ पाण्डेय, अवधेश प्रताप सिंह, एसबी सिंह" झंझट" आदि सहभागी रहे।

# नहर में डूबने से सगी बहनों की मौत

## छोटी बहन को बचाने के प्रयास में बड़ी की भी गयी जान, गांव में पसरा मातम

**हादसा**

संवाददाता, बलरामपुर



घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों से पूछताछ करती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गैंडास बुजुर्ग क्षेत्र के सगडहिवा गांव में शुक्रवार को सरयू नहर में नहाने गई दो सगी बहनों की डूबने से मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की मदद से दोनों बच्चियों के शव नहर से बरामद कर लिए गए हैं। स्वजन पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार नहीं हैं, जिन्हें समझाने के लिए तहसीलदार मौके पर मौजूद हैं।

बताया जाता है कि गांव निवासी अकबर अली की बेटियां नसरीन (10) और महजबीन (7) शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे घर के पास स्थित सरयू नहर के सूबनजोत पुल के पास नहाने गई थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नहाते समय छोटी बहन महजबीन अचानक गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। उसे बचाने के लिए बड़ी बहन नसरीन भी आगे बढ़ गई, लेकिन वह भी गहरे पानी में पहुंचकर डूब गई। दोनों की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्हें बाहर निकाला, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। दोनों बच्चियां मदरसा दारुल हुदा गड़रहिया की छात्राएं थीं। नसरीन कक्षा दो तथा महजबीन नर्सरी में पढ़ती थी। घटना की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष राजीव मिश्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि बच्चियों की डूबने से मौत हुई है और पोस्टमार्टम के लिए परिजनों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। मृतक बहनों की मां जरीना खातून ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर पोस्टमार्टम न कराने का अनुरोध किया है। बच्चियों के पिता अकबर अली मुंबई में टेंट हाउस में काम करते हैं, जबकि बड़ा भाई तौफीक अहमद भी मुंबई में मजदूरी करता है। परिवार में दो बड़ी और एक छोटी बहन हैं।

# दबंगई का वीडियो वायरल वरिष्ठ आरक्षी लाइन हाजिर

उतरौला, बलरामपुर

**मृत विचार :** नगर की सब्जी मंडी में दबंगई के आरोप में कोतवाली में तैनात एक वरिष्ठ आरक्षी को पुलिस अधीक्षक ने लाइन हाजिर कर दिया है। शुक्रवार सुबह व्यापारियों की शिकायत और घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह कार्रवाई की गई। मामले की जांच भी शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार, सब्जी मंडी के व्यापारियों ने कोतवाली में तैनात वरिष्ठ आरक्षी विक्रम बहादुर सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल हुआ, जिसमें उक्त आरक्षी इंटरलॉकिंग की ईंट हाथ में लेकर लोगों की ओर दौड़ता दिखाई दे रहा है।

एक सब्जी विक्रेता का आरोप है कि वह चौराहे पर पुलिस बूथ के पास पटरी पर दुकान लगाता है। आरक्षी अक्सर बिना पैसे दिए ही सब्जी ले जाता था और विरोध करने पर धमकी भी देता था। शुक्रवार सुबह करीब सात बजे वह अपनी कार से सब्जी लेने मंडी पहुंचा था, जहां किसी बात को लेकर विवाद हो गया। चर्चा है कि इस दौरान कुछ सब्जी विक्रेताओं ने आरक्षी के साथ मारपीट भी की।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरक्षी को अपने साथ कोतवाली ले गई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि फिलहाल आरक्षी विक्रम बहादुर सिंह को पुलिस लाइन से संबद्ध कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि मामले की वीडियो फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है और जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## पुरानी मस्जिद में तरावीह के दौरान मुकम्मल हुई कुरान पाक की तिलावत, इमाम व मोज्जिन सम्मानित



कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किए गए इमाम व मोज्जिन। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** मुकद्दस महीने रमजान के 15वें रोजे पर नगर के वीर विनय चौराहा स्थित पुरानी मस्जिद में तरावीह की नमाज के दौरान कुरान पाक की तिलावत मुकम्मल हो गई। इस अवसर पर मस्जिद को फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से आकर्षक रूप से सजाया गया था। कार्यक्रम के अंत में तरावीह की नमाज पढ़ाने वाले इमाम और मस्जिद के मोज्जिन को सम्मानित किया गया। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में तरावीह की नमाज पढ़ाने वाले हाफिज कामिल ने कहा कि अल्लाह कुरान पाक पढ़ने वालों को जितना सवाब देता है, उतना ही सवाब उसे सुनने और देखने वालों को भी मिलता है। उन्होंने कहा कि इस्लाम में पांचों वक्त की नमाज हर मुसलमान पर फर्ज है और इसे किसी भी हालत में माफ नहीं किया गया है। रमजान के पाक महीने में हर सेहतमंद मुसलमान को रोजा रखना चाहिए और आर्थिक रूप से सक्षम लोगों पर सदका और जकात देना भी फर्ज है। उन्होंने कहा कि रमजान के महीने में एक नेकी के बदले सत्तर नेकियों का सवाब मिलता है और इस पवित्र माह में की गई दुआएं अल्लाह कबूल करता है। कार्यक्रम के अंत में मौजूद अकीदतमंदों ने इमाम हाफिज कामिल और मस्जिद के मोज्जिन अतीक अहमद को माला और साफा पहनाकर अंगवस्त्र व नजराना देकर सम्मानित किया। इस दौरान नूर मोहम्मद खान, मो. यूसुफ, खालिक, ऐजाज, इरफान वहीद, हाफिज हसन आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता



कार्यशाला में मौजूद पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** महिला सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को मजबूत करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान-05 के तहत शुक्रवार को पुलिस कार्यालय सभागार में कार्यशाला/गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के नेतृत्व में तथा मिशन शक्ति नोडल प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय की अध्यक्षता में हुआ। गोष्ठी में जनपद के सभी थानों के मिशन शक्ति केन्द्रों से जुड़े प्रभारी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने निर्देश दिया कि मिशन शक्ति टीम अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करे और महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम में सक्रिय भूमिका निभाए। साथ ही महिला हेल्पलाइन, बीट पुलिसिंग व्यवस्था तथा मिशन शक्ति केन्द्रों की उपयोगिता के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विद्यालयों, महाविद्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा तंत्र के बारे में जानकारी दी जाए। अंत में सभी पुलिस कर्मियों से अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपेक्षा की गई।

## 9 को बलरामपुर आएंगी राज्य महिला आयोग की सदस्य

**बलरामपुर, अमृत विचार :** राज्य महिला आयोग की सदस्या जनक नंदिनी 9 मार्च को जनपद बलरामपुर के दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वह महिलाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए महिला जनसुनवाई करेंगी तथा विभिन्न संस्थानों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी के अनुसार सदस्या सुबह 9 बजे सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। इसके बाद जिला चिकित्सालय स्थित वन स्टॉप सेंटर और जिला कारागार के महिला बंदीगृह का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेंगी। पूर्वाह्न 11:30 बजे विकास खंड कार्यालय गैसड़ी के सभागार में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जहां महिलाएं अपनी समस्याएं सीधे आयोग की सदस्या के समक्ष रख सकेंगी। भ्रमण के दौरान महिला अस्पताल तथा सीएचसी-पीएचसी में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा भी की जाएगी। साथ ही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण कर छात्राओं को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली जाएगी। इसके अतिरिक्त आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित गोद भराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम में भी सहभागिता की जाएगी।

## ब्लाक मुख्यालय पर हुई पंचायत सचिवों की बैठक

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक के पंचायत सचिव की बैठक ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित की गई। इस बैठक में खंड विकास अधिकारी अभय कुमार सिंह ने उपस्थित सभी पंचायत सचिवों से मनरेगा के तहत जॉब कार्ड धारकों की ई केवाईसी व ग्राम पंचायत मे हो रहे कार्यों, मुख्यमंत्री/ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चयनित लाभार्थियो के आवासों के निर्माण की द्वितीय किस्त के भुगतान तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित महिला स्वयं सहायता समूहो के ग्रेडिंग व उनके ऋण वितरण के बारे में जानकारी हासिल की। मनरेगा के एपीओ के पी सिंह, पंचायत सचिव योगेश दुबे, प्रदीप कुमार, रमेश कुमार मिश्र, अनिल कुमार वर्मा, रमेश कुमार, नंदनी, जयचंद वर्मा, प्रिंस मिश्र आदि थे।

## खेत से किशोरी का अपहरण

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के एक गांव से खेत में गई किशोरी को अगवा करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि गुरुवार को उनकी पत्नी खेत में हरा चारा लाने गई थी। शाम करीब छह बजे उनकी नाबालिग बेटी अपनी मां को बुलाने के लिए खेत पर पहुंची। आरोप है कि इसी दौरान गांव का ही रवी यादव कुछ साथियों के साथ बोलेरो से वहां पहुंचा और किशोरी को जबरन गाड़ी में बैठाकर लेकर चला गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास काफी तलाश की, लेकिन किशोरी का कोई पता नहीं चल सका।थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। किशोरी की तलाश के लिए पुलिस टीम लगाई गई है।

# पात्रों को समय से मिले योजनाओं का लाभ : डीएम

**समीक्षा बैठक**

● श्रमिक कल्याण योजनाओं के व्यापक प्रचार के निर्देश

संवाददाता, बलरामपुर



बैठक में मौजूद डीएम और अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रमिकों और उनके परिवारों के हित में संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को इनका लाभ मिल सके।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन सहायता योजना, निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना तथा मातृत्व, शिशु व बालिका मदद योजना की प्रगति की जानकारी ली।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा के लिए मिलने वाली सहायता, दुर्घटना या मृत्यु की स्थिति में मिलने वाली आर्थिक मदद तथा मातृत्व और बालिका सहायता योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रमिकों के पंजीकरण और नवीनीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए तथा ग्राम पंचायत और ब्लॉक स्तर पर विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण कराया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रह जाए।

इसके अलावा उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत रसोइयों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को सुरक्षा बीमा योजना से आच्छादित करने के भी निर्देश दिए, जिससे आकस्मिक परिस्थितियों में उन्हें सामाजिक सुरक्षा मिल सके। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## वांग्मय स्थापना और संस्कार समारोह कल

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** गायत्री शक्तिपीठ में 8 मार्च को साहित्य विस्तार केंद्र के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर गुरुदेव राम शर्मा आचार्य द्वारा लिखित लगभग 3200 पुस्तकों के साथ 108 खंडों के वांग्मय की स्थापना की जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वैदिक संस्कार भी संपन्न कराए जाएंगे। आयोजन का उद्देश्य समाज में नैतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों को मजबूत करना तथा साहित्य के माध्यम से जनजागरण करना है। आयोजकों के अनुसार इस कार्यक्रम में जनपद के कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। इनमें कोमल शेरावाली शुक्ला, श्याम मनोहर तिवारी, राम कृपाल शुक्ला, रवि वर्मा, प्रिंस वर्मा, श्याम जायसवाल और विनय मिश्रा समेत कई सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोग उपस्थित रहेंगे।

# ऋषभ की मौत की गुत्थी उलझी शरीर पर मिले चोट के निशान

**अमृत विचार Follow UP**

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के जयरामजोत गांव निवासी युवक ऋषभ सिंह की मौत का राज गहरा गया है। ऋषभ के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। ऋषभ का शव गुरुवार को बहराइच के हुजूरपुर थाना क्षेत्र के भगगड़वा स्थित एक कुंए में मिला था। शुक्रवार को युवक के शव का अंतिम संस्कार कंजिया स्थित शमशान घाट पर बड़े भाई संचित ने किया।

बलुहा जयराम जोत गांव निवासी अर्जुन सिंह के 28 वर्षीय पुत्र का शव बहराइच के भगड़वा बाजार में मुनीजर सिंह के टाल के पास के कुंए से बरामद हुआ था। मामले में चार दिन पूर्व मृतक की मां ने कटरा बाजार थाने में तहरीर देकर बेटे के साथ अनहोनी की आशंका जताई थी। जिसके बाद हुजूरपुर पुलिस ने शव को कुएं से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। देर शाम को आई पीएम रिपोर्ट में युवक के शरीर पर कई चोट के निशान मिले। प्रभारी निरीक्षक हुजूरपुर शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आ गई है युवक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार विवेक त्रिवेदी ने बताया कि ऋषभ सिंह का शव बहराइच जिले हुजूरपुर थानाक्षेत्र के भगड़वा बाजार में मुनींजर सिंह के टाल के पास कुंए से बरामद हुआ है। हुजूरपुर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है पीएम रिपोर्ट चोट की पुष्टि हुई है। मृतक के चाचा रविंद्र सिंह ने भतीजे की हत्या की आशंका जताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

## इंस्पायर अवार्ड योजना में 59 छात्र चयनित

**बलरामपुर, अमृत विचार :** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की इंस्पायर अवार्ड-मानक योजना में जिले के 59 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। चयनित छात्र अब विज्ञान आधारित नवाचार मॉडल तैयार कर जिला एवं राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभाग करेंगे। हर छात्र को मॉडल तैयार करने के लिए 10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी।

जिले से कुल 2915 विद्यार्थियों ने नामांकन कराया था। मोटिवेशनल टीचर रविकांत चौधरी के अनुसार बेसिक शिक्षा के 456 विद्यालयों, जिनमें कस्तूरबा गांधी विद्यालय भी शामिल हैं, ने योजना में प्रतिभाग किया। मूल्यांकन के बाद 59 छात्रों का चयन किया गया। बीएसए शुभम शुक्ला ने इसे जिले के लिए गर्व की बात बताते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति बढ़ती रुचि उत्साहजनक है।

# प्रशिक्षण शिविर की तैयारियां तेज



बैठक में चर्चा करते पूर्व विधायक व अन्य भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

गैसड़ी, बलरामपुर

**अमृत विचार :** विधानसभा क्षेत्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर के आयोजन की तैयारियों को लेकर पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू के आवास चरनगहिया में बैठक आयोजित की गई। बैठक में 28 मार्च से 2 अप्रैल तक विधानसभा के पांच मंडलों में प्रस्तावित प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने पर चर्चा की गई। पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू ने कार्यकर्ताओं से संगठन की मूल भावना से जुड़कर कार्य करने का आह्वान किया।

उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के मंत्र के साथ समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विकास की गति को और तेज करने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण शिविर क्रमशः बालापुर मंडल में 28-29 मार्च, गैसड़ी मंडल में 29-30 मार्च, पिपरा मंडल में 30-31 मार्च, पचपेड़वा मंडल में 31 मार्च से 1 अप्रैल तथा गनेशपुर मंडल में 1-2 अप्रैल तक आयोजित होगा।बैठक में दयाराम प्रजापति, मदनलाल जायसवाल, अजय सैनी, रामजी मिश्रा, अमित जायसवाल सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**लापरवाही** — 45 हजार आबादी को नहीं मिला स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ

# तीन साल से बंद पड़ा है हेल्थ वेलनेस सेंटर




बंद पड़ा हेल्थ वेलनेस सेंटर।

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा बनाए जा रहे हेल्थ वेलनेस सेंटर यहां विभागीय लापरवाही और ठेकेदार की मनमानी के कारण शोपीस बनकर रह गए हैं। क्षेत्र के सबसे बड़ी एवं बाढ़ग्रस्त ग्राम सभा तुलसीपुर माझा में करीब पांच लाख की लागत से बना हेल्थ वेलनेस सेंटर निर्माण के तीन साल बाद भी शुरू नहीं हो सका है।

ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से करीब तीन वर्ष पूर्व तुलसीपुर माझा में हेल्थ वेलनेस सेंटर का निर्माण कराया गया था। लेकिन विभागीय उदासीनता और ठेकेदार की लापरवाही के चलते यह केंद्र आज तक संचालित नहीं हो पाया। निर्माण के बाद से ही भवन बंद पड़ा है और देखरेख के अभाव में इसकी स्थिति खराब होने लगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस केंद्र के निर्माण में शुरू से ही अनियमितताएं बरती गईं। मानकों की अनदेखी करते हुए घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया गया, जिसके कारण महज तीन वर्ष के भीतर भवन जर्जर होने लगा है। इतना ही नहीं, करीब 13 हजार मतदाताओं और लगभग 45 हजार की आबादी वाले गांव के लिए बनाए गए इस हेल्थ वेलनेस सेंटर को गांव के भीतर किसी उपयुक्त स्थान पर बनाने के बजाय पीएचसी परिसर में ही खड़ा कर दिया गया और विभागीय जिम्मेदारों ने हैंडओवर भी कर लिया। लोगों का कहना है कि यदि यह केंद्र गांव के अंदर किसी दूसरे स्थान पर बनाया गया होता तो ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं अधिक आसानी से मिल पातीं। पीएचसी परिसर में होने के कारण इसका अलग से उपयोग नहीं हो पा रहा है। निर्माण के बाद से ही केंद्र का संचालन शुरू कराने की दिशा में गंभीर पहल नहीं की गई, जिसके कारण लाखों रुपये की लागत से बना यह भवन बेकार साबित हो रहा है। वहीं इस संबंध में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी विपिन त्रिपाठी का कहना है कि हेल्थ वेलनेस सेंटर के निर्माण के लिए पहले अलग स्थान पर भूमि चिन्हित की गई थी, लेकिन वहां बात नहीं बन सकी, जिसके कारण इसे पीएचसी परिसर में बनवाना पड़ा। उन्होंने बताया कि भवन का निर्माण पूरा होने के बाद इसे विभाग को हैंडओवर कर दिया गया है, लेकिन अभी तक सीएचओ की तैनाती नहीं हो पाई है, जिसके कारण केंद्र संचालित नहीं हो सका है। इधर स्वास्थ्य विभाग के कुछ कर्मचारी भी दबी जुबान में इस केंद्र के निर्माण और संचालन में अनियमितताओं व भ्रष्टाचार की चर्चा कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस पूरे मामले की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो सरकारी योजनाएं इसी तरह कागजों तक सीमित रह जाएंगी और आम जनता को इसका लाभ नहीं मिल पाएगा।

# डाक्टरों की कमी से टीकाकरण प्रभावित

**खरगूपुर गोंडा, अमृत विचार:** डॉक्टर की कमी के कारण पशुओं का टीकाकरण प्रभावित हो रहा है। कई गांवों में लगभग दर्जन भर पशु बीमार हैं। पशुपालक निजी डॉक्टरों से इलाज कराने को मजबूर हैं। यहां 51 गांवों के 17 हजार पशुओं का इलाज फार्मासिस्ट के सहारे है।

राजकीय पशु चिकित्सालय वीरपुर झलैहिया में संचालित है। डॉक्टरों की कमी के चलते यहां 26 जुलाई 2022 डॉ. आरपी यादव के बाद से डॉक्टर की नियुक्ति नहीं हुई। केवल चार्ज से काम चलाया जा रहा है। यही कारण है कि यहां पशुओं का टीकाकरण नहीं हो पाता है। भंगहा के रमगढ़िया में राम चरित्र प्रजापति की दो भैंस, जोखू की एक भैंस, सुशील यादव की एक गाय, राजकुमार यादव की एक भैंस, भंगही के राजेंद्र वर्मा की एक भैंस सहित अन्य गांवों में मुंहपका व खुरपका नामक बीमारी से पशु बीमार हैं। पशुओं में मुंहपका व खुरपका रोग अत्यधिक संक्रामक वायरस के कारण होता है। यह रोग खुर वाले जानवर में फैलता है। मानसून या नमी वाले मौसम में इसके फैलने की संभावना अधिक होती है। जबकि अक्टूबर व मार्च महीने वर्ष में दो बार टीकाकरण होना चाहिए। लेकिन अभी टीकाकरण नहीं हुआ। खरगूपुर के राजकीय पशु चिकित्साधिकारी डॉ. बाबूराम निगम ने बताया कि उनके पास खरगूपुर व रुपएडीह का चार्ज है। इस समय खरगूपुर में सतीश मिश्र फार्मासिस्ट के पद पर कार्य हैं। पशुओं के बीमार होने की जानकारी उन्हें अभी नहीं मिली है। जानकारी करके उनका टीकाकरण करवाया जायेगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत खजुरी विकास खण्ड छपिया गोण्डा**

पत्रांक. मेमो /निविदा दिनांक 05/03/2026

अल्पकालीन निविदा

ग्राम पंचायत खजुरी विकास खण्ड छपिया गोण्डा वित्तीय वर्ष 2025/26 मे मनरेगा योजनाअंतर्गत पिच रोड से राम किशोर के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य व अन्य पक्के निर्माण कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा प्रकाशन के एक सप्ताह के अन्दर सभी इच्छुक रजिस्टर्ड ग्राम पंचायत कार्यालय मे संपर्क करे निविदा सम्बन्धी समस्त अधिकार अधो हस्ताक्षरी मे निहित है

मोल्हू , ग्राम प्रधान सचिन कुमार,सचिव

ग्राम पंचायत खजुरी विकास खण्ड छपिया गोण्डा

**एस. डी. हर्ष कालेज आफ लॉ**

रैंचा, (भवानीगढ़) सुल्तानपुर (उ0प्र0)

सम्बद्ध : डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)

में आवश्यकता है :-

स्नातक स्तर पर विधि संकाय के अन्तर्गत एल0एल0बी0 त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में प्राचार्य 01 पद तथा एल0एल0बी0 प्रवक्ता 9 पद।

**योग्यता एवं वेतनमान** – यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

**प्रबंधक**

मो0नं0– 9451555055, 9670897000

**एम0पी0 सिंह स्मारक विधि महाविद्यालय**

पचपुती जगतापुर मनकापुर गोण्डा उ0प्र0 (271302)

में आवश्यकता है :-

प्राचार्य 01 पद एवं प्रवक्ता एल0एल0बी0 त्रिवर्षीय 09 पद एल0एल0बी0 पंचवर्षीय (विधि 09 पद एवं समाजशास्त्र, अंग्रेजी, राजनीतिशास्त्र, मनोविज्ञान, इतिहास तथा अर्थशास्त्र प्रत्येक में एक एक पद ) इच्छुक अभ्यर्थी अपने अर्हता सम्बन्धी प्रपत्र 02 पासपोर्ट फोटो के साथ विज्ञापन के 15 कार्यदिवस के अन्दर कालेज के पते पर प्रेषित करें। साक्षात्कार हेतु बुलाये जाने पर किसी भी प्रकार का देय नहीं होगा।

योग्यता/अर्हता/वेतनमान यू0जी0सी0/बार काउंसिल/ मॉ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर के परिनियमानुसार।

प्रबंधक

मो0न0–8299552664

पता – पचपुती जगतापुर मनकापुर गोण्डा उ0प्र0 271302

ईमेल – mpsslawcollege@gmail.com

# तेंदुए ने घर में घुसकर 7 साल के बच्चे को बनाया निवाला, हड़कंप

## ग्राम पंचायत कारीकोट के आजमगढ़ पुरवा गांव की घटना


रघुवीर (फाइल फोटो)

### ग्रामीणों में आक्रोश

संवाददाता बहराइच

**अमृत विचार।** बहराइच के कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के निशानगाड़ा रेंज अंतर्गत ग्राम पंचायत कारीकोट के आजमगढ़ पुरवा गांव में शुक्रवार की शाम करीब सात बजे एक ग्रामीण के घर में घुसकर तेंदुए ने सात साल के बच्चे को मौत के घाट उतार दिया। घटना से लोगों में गहरा आक्रोश है।

गांव निवासी राम विलास पटवा का सात वर्षीय पुत्र रघुवीर शुक्रवार की शाम को घर के आंगन में खेल रहा था तभी अचानक तेंदुआ घुस गया जो बच्चे पर हमला कर उसे जबड़े में दबोचकर गेहूं के खेत में ले गया। इस बीच बच्चे को बचाने के लिए घर और आसपास के लोग हाका लगाते हुए दौड़ पड़े जिस पर तेंदुआ बच्चे को जान से मारकर खेत में छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। ग्रामीणों ने बच्चे का क्षत-विक्षत शव गन्ने के खेत से बरामद कर उसे तसल्ली के तौर पर पीएचसी सुजौली ले गए लेकिन बच्चा पहले ही दम तोड़ चुका था। बच्चे के गले और गर्दन पर गहरा घाव हुआ है। उसकी मौत से ग्रामीणों में वन कर्मियों के खिलाफ गहरा आक्रोश है।

लोगों का कहना है कि लगातार तेंदुए के हमले बढ़ते जा रहे हैं लेकिन वन विभाग सुरक्षा के कोई कठोर इंतज़ाम नहीं कर रहा है। ग्रामीण शव को गांव में ही बीच सड़क पर रखकर धरने पर बैठ गए और सड़क जाम कर दिया। लोग तेंदुए से सुरक्षा की मांग पर अड़े हुए हैं। लोग तेंदुए को पकड़े जाने की मांग कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि घटना के बाद भी वन कर्मी मौके पर नहीं पहुच रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गयी तो लोगों को धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाए पिंजरे

संवाददाता खैरीघाट, बहराइच

**अमृत विचार।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के बाजपुरवा गांव में तेंदुए के हमले की घटना के बाद वन विभाग ने उसे पकड़ने के लिए अभियान तेज कर दिया है। शुक्रवार सुबह वन विभाग की टीम ने गांव के आसपास पिंजरे लगाकर तेंदुए को पकड़ने का ऑपरेशन शुरू कर दिया। साथ ही पिंजरों की निगरानी के लिए कैमरे लगाने की भी तैयारी की जा रही है। वन विभाग के अधिकारियों ने टीम को इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज करने के निर्देश दिए हैं। ज्ञात हो कि गुरुवार शाम गांव निवासी तसव्वर की 7 वर्षीय पुत्री आफरीन पर तेंदुए ने हमला कर दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बच्ची का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। डीएफओ बहराइच ने बताया कि यह क्षेत्र बहराइच-


पिंजरा लगाते वनकर्मी व ग्रामीण। अमृत विचार

लखीमपुर खीरी बॉर्डर और नदी के कछार से लगा हुआ है, जिसके कारण यहां तेंदुए का मूवमेंट बना रहता है। तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है। वन विभाग ने इलाके में दो पिंजरे लगाए हैं तथा आसपास के क्षेत्रों में जाल लगाकर रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही पिंजरों की निगरानी के लिए कैमरे भी लगाए जाएंगे, जिससे तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

### न्यूज ब्रीफ

#### समाधान दिवस आज

**बहराइच, अमृत विचार।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह मार्च के प्रथम शनिवार को तहसील मिहींपुरवा में जिलाधिकारी तथा तहसील महसी में एडीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा।

#### जनसुनवाई 11 को

**बहराइच, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के निर्देशानुसार प्रदेश के विभिन्न जनपदों में द्वितीय बुधवार को आयोजित होने वाले ''महिला जनसुनवाई दिवस'' कार्यक्रम के अन्तर्गत 11 मार्च को पूर्वान्ह 11:00 बजे से लो.नि.वि. निरीक्षण भवन में आयोग की सदस्य एकता सिंह की अध्यक्षता में वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में महिला जनसुनवाई तथा समीक्षा बैठक का कार्यक्रम प्रस्तावित है। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने दी है।

#### घर से लाखों पार

**लेंगड़ी गूलर, श्रावस्ती।** गिलौला थाना क्षेत्र के सिसवारा चौराहा निवासी अजीत गुप्ता पुत्र बच्चा राम अपने घर में आगे कपड़े की दुकान संचालित करता है। बुधवार को होली के दिन शाम को घर में ताला लगाकर परिवार सहित अपनी ससुराल चला गया। रात में चोरों ने शटर का ताला तोड़ दिया। इसके बाद नकदी, जेवर व अन्य सामान समेत लाखों का सामान समेट कर फरार हो गए। गुरुवार सुबह जब अजीत वापस घर पहुंचा तो उसे चोरी की जानकारी हुई। अजीत ने बताया कि एक लाख रुपये नकद, सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायल, बिछिया, सोने का टीका, सोने की अंगूठी, कान का बाला समेत लाखों रुपये की चोरी हुई है।

## छह हत्यारोपियों को आजीवन कारावास व 60 हजार जुर्माना

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** इकौना के ग्राम मोहम्मदपुरवा के मजरा चिरैधापुर में छह वर्ष पूर्व हुए हत्या के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अपना फैसला सुनाया। न्यायालय ने छह हत्यारोपियों को कारावास व अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन की पैरवी कर रहे एडीजीसी सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया मजरा चिरैधापुर में एक जनवरी 2020 को बब्बन पांडेय गांव के ही कौशल मिश्रा उर्फ ननकुन्ने व अटल बिहारी के साथ एक ही बाइक से इकौना जा रहे थे। गांव से निकलते ही रास्ते में पीर बाबा मजार के पास गांव के ही पंकज पांडेय, गणेशदत्त, साहब शरण पांडेय, राजमणि पांडेय ने बब्बन पांडे को रोक लिया, और उमेश उर्फ शिवमणि व महेश पांडेय भी आ गए। बब्बन के गाड़ी से उतरते ही सभी ने बब्बन को घेरकर लाठी, फरसा, चाकू से मारने के साथ ही उमेश ने तमंचे से कनपटी पर गोली मार दिया। इससे वह मौके पर ही गिर गए। भागते समय उमेश की बाइक स्टार्ट नहीं हुई तो वह मृतक बब्बन पांडेय की ही बाइक लेकर भाग गया। मृतक की पत्नी की तहरीर पर केस दर्ज किया गया। शुक्रवार को एडीजे अमित कुमार प्रजापति ने दोषियों को आजीवन कारावास व प्रत्येक को 60 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया।

## योगासन स्पर्धा में प्रतिभाग कर सकते हैं राज्य कर्मचारी

**बहराइच, अमृत विचार।** क्रीड़ा अधिकारी आनंद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि केन्द्रीय सेवा सांस्कृतिक एवं खेल बोर्ड चंडीगढ़ द्वारा टेनिस हॉल, सेक्टर-23 चंडीगढ़ में 17 से 21 मार्च 2026 तक पारंपरिक एकल प्रस्तुति, कलात्मक एकल प्रस्तुति, कलात्मक युगल प्रस्तुति एवं लयबद्ध युगल प्रस्तुति का आयोजन किया जा रहा है। क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि चंडीगढ़ में वर्ष 2025-26 अन्तर्गत आयोजित होने वाली अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज योगासन प्रतियोगिता में इच्छुक पूर्णकालिक पुरूष एवं महिला राज्य कर्मचारी प्रतिभाग करने हेतु जिला खेल कार्यालय में 07 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय चयन/ट्रायल्स प्रतियोगिता 09 मार्च को केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में आयोजित होगी।

## यूपीएससी परीक्षा में रोली मदेशिया ने हासिल की 457वीं रैंक

**बहराइच, अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र मिहीपुरवा के लिए गर्व का विषय है कि यहां की प्रतिभाशाली छात्रा रोली मदेशिया, पुत्री संतोष मदेशिया, ने संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की परीक्षा में 457वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शुक्रवार को घोषित परिणाम में रोली की सफलता की खबर मिलते ही परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। रोली की प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर मिहीपुरवा, कन्या जूनियर बालिका विद्यालय मिहीपुरवा सर्वोदय इंटर कॉलेज, मिहीपुरवा से हुई। इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) से गणित विषय में बीएससी की पढ़ाई पूरी की। उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने आईआईटी बॉम्बे से पीजी किया। पढ़ाई पूरी करने के बाद रोली पिछले तीन वर्षों से यूपीएससी की तैयारी कर रही थीं।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का धरना कल

**जमुनहा, श्रावस्ती।** आंगनबाड़ी कर्मचारी व सहायिका एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष माया जायसवाल ने शुक्रवार जिलाधिकारी अश्वनि कुमार पांडेय को प्रार्थना पत्र भेजा है। इसमें जिलाध्यक्ष ने कहा है कि आंगनबाड़ी संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश के आह्वान पर आठ मार्च महिला दिवस पर लखनऊ में धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। ऐसे में जिले की सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाएं आठ मार्च को धरना-प्रदर्शन में शामिल होने लखनऊ जाएंगी। 8 को केंद्रों का संचालन बंद रहेगा। ज्ञापन भेजने वालों में किरण वर्मा, रानी गीता देवी मिश्रा, कांती मिश्रा, कुसुमलता, मधुमालती मिश्रा आदि शामिल रहीं।

## दो बाइकों की टक्कर में चार लोग घायल

**इकौना, श्रावस्ती।** कटरा वीरपुर मार्ग पर श्रावस्ती एयरपोर्ट के सामने गुरुवार शाम को दो बाइकों में टक्कर हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार कटरा बाजार निवासी मनीष पटेल (40), दिनेश पटेल (30) व अनुपम (25) तथा दूसरी बाइक पर सवार बलरामपुर के देहात कोतवाली क्षेत्र स्थित कांधभारी निवासी नीरज (19) घायल हो गए। उधर, मल्हीपुर क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर निवासी दीपक (7) घर के निकट सड़क की पटरी पर खेल रहा था। इस दौरान मल्हीपुर की तरफ से आ रही बाइक बालक से टकरा गई। इससे दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल को निजी वाहन से संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा पहुंचाया।

## ई-लॉटरी से कृषि यंत्रों के लिए किसान चयनित


कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि यत्रों के लिए हुई ई-लॉटरी में मौजूद किसान।

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में पांच कृषि यत्रों के लिए ई-लॉटरी निकाली गई। डीएम की मौजूदगी में आयोजित ई-लॉटरी में चयनित किसानों को कृषि यंत्र खरीदकर दस दिन में उसकी रसीद जमा करनी होगी। कृषि विभाग की ओर से संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन एवं प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फार इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ काप रेज्ड्यू कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। पांच यंत्रों के लिए 34 किसानों ने ऑनलाइन बुकिंग की थी। शुक्रवार को डीएम अश्विनी कुमार पांडेय की अध्यक्षता में ई-लॉटरी में सुपर सीडर, हैरो, लेजर लेंड लेवलर, स्ट्रा रीपर एवं पावर वीडर के लिए किसानों का चयन किया गया। उप कृषि निदेशक सुरेंद्र चंद्र चौधरी ने बताया कि सभी चयनित किसानों को बिल अपलोड करने के लिए दस दिन का समय दिया गया है।


मुक्ति रथ को रवाना करते सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष सतीश श्रीवास्तव। अमृत विचार

## बाल विवाह के विरुद्ध चला जागरुकता अभियान

**बहराइच, अमृत विचार।** देहात संस्था टीम द्वारा बताया गया कि बाल विवाह जैसी कुरीति को जड़ से मिटाने के उद्देश्य से आज जिला बाल कल्याण समिति कार्यालय पर कार्यक्रम के दौरान 'बाल विवाह मुक्ति रथ' को जिला बाल कल्याण समिति अध्यक्ष सतीश श्रीवास्तव द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसका उद्देश्य ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करना और कम उम्र में बेटियों की शादी के कानूनी व स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना है। 'मुक्ति रथ' आठ मार्च तक जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों का भ्रमण करेगा। सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष सतीश ने कहा बाल विवाह न केवल एक सामाजिक बुराई है, बल्कि यह मानवाधिकारों का उल्लंघन भी है। यह हमारी बेटियों के सुनहरे भविष्य और उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। इस मौके पर नरेंद्र कुमार चौधरी, रश्मि महिला, अमरेश कुमार, आदान अंसार, देवेश तिवारी, रचना मिश्रा, विंध्यवासिनी आदि मौजूद रहीं।

## मारपीट में घायल मजदूर की मौत

**इकौना, श्रावस्ती।** इकौना क्षेत्र से मजदूरी करने गए एक मजदूर की मारपीट के बाद शुक्रवार को मौत हो गई। परिजनों ने आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर थाने में तहरीर दी। इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर बनकट (पोखरा) निवासी रामकुमार मजदूरी करते थे। वह बलरामपुर जिले के श्रीदत्तगंज थाना क्षेत्र के ग्राम अहिरौला स्थित पानी टंकी के पास मजदूरी करने गए थे। आरोप है कि 22 फरवरी को वहां मौजूद कुछ लोगों ने किसी बात को लेकर उन्हें रोक लिया और उनके साथ मारपीट की। इससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। आरोपी घायल रामकुमार को दूसरे दिन घर के पास छोड़कर चले गए। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें सीएचसी इकौना ले गए, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने के कारण उन्हें मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया।

## मजरा मदार पुरवा में संदिग्ध हालात में महिला की मौत

**जरवल रोड, बहराइच।** जरवल रोड थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत धनसरी के मजरा मदार पुरवा में एक 20 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान सबर जहां पत्नी नबी मोहम्मद के रूप में हुई है। मामले में जहर खाकर आत्महत्या करने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार कैसरगंज सचिन श्रीवास्तव, तथा थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बहराइच भेज दिया। आसपास के लोगों के अनुसार पति-पत्नी के बीच बीती रात किसी बात को लेकर विवाद और मारपीट हुई थी। इसके बाद महिला द्वारा जहर खाने की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि नबी के दो महिला है अलग-अलग शादी की थी पारिवारिक अनबन के चलते महिला ने यह कदम उठाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## किसानों को दी गयी प्राकृतिक खेती की विस्तृत जानकारी

**संवाददाता खैरीघाट, बहराइच, अमृत विचार।** शिवपुर ब्लॉक सभागार में शुक्रवार दोपहर भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा एग्रीकल्चर एंड रूरल ट्रांसफॉर्मेशन के तहत वेबिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों को प्राकृतिक खेती, आधुनिक कृषि तकनीक और सरकार की विभिन्न किसान कल्याण योजनाओं की जानकारी दी गई। वेबिनार के दौरान पीएम मोदी ने वर्चुअल माध्यम से किसानों को संबोधित करते हुए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और नई कृषि तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि विधानसभा संयोजक भाजपा घनश्याम सिंह चौहान ने हा कि केंद्र सरकार किसानों को सीधे लाभ पहुंचाने के लिए प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषक सखी का चयन भी किया गया है, जो गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक करेंगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, कृषि विभाग के कर्मचारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## किसानों को सिखाए आधुनिक खेती के गुर


किसान कल्याण केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल लोग। अमृत विचार

**पयागपुर, बहराइच।** विकासखंड पयागपुर स्थित किसान कल्याण केंद्र पर शुक्रवार को कृषि विभाग द्वारा एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण एवं वेबिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष भाजपा उमा शंकर तिवारी रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पीएम मोदी का ऑनलाइन संबोधन रहा जिसे बड़ी संख्या में जुटे किसानों ने बेहद उत्साह के साथ सुना। डिजिटल माध्यम से जुड़े पीएम मोदी ने संबोधन में 'एग्रीकल्चर एंड रूरल ट्रांसफॉर्मेशन' के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज का किसान केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि उद्यमी भी है। मुख्य अतिथि ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए संकल्पित है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पीएमएफबीवाई जैसी योजनाओं का लाभ उठाकर किसान प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे पारंपरिक खेती के साथ-साथ वैज्ञानिक तरीकों और फसल विविधीकरण को अपनाएं विशेषज्ञों ने दिए खेती के टिप्स प्रशिक्षण सत्र में भूमि संरक्षण अधिकारी बहराइच और एडीओ एग्रीकल्चर ने मिट्टी की जांच और खाद के संतुलित उपयोग पर जोर दिया। डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से किसानों को उन्नत किस्म के बीजों का चयन, सिंचाई के आधुनिक संसाधन ड्रिप और स्प्रिंकलर, जैविक खेती के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पयागपुर श्री प्रमोद पांडे जी, भूमि संरक्षण अधिकारी, एडीओ एग्रीकल्चर, गोदाम प्रभारी ओमप्रकाश दुबे जी समेत कृषि विभाग के तमाम कर्मचारी और क्षेत्र के सैकड़ों प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

## विकास के नाम पर दुश्वारी झेल रहे भिनगावासी

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद भिनगा में हर घर नल से जल देने के लिए पांच ओवरहेड टैंक का निर्माण कराया गया है। इसके साथ ही लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने के लिए मार्ग पटरियों को जेसीबी से खोदकर पाइप लाइन बिछाई जा रही है। इसके बाद ठेकेदार खोदी गई नालियों में मिट्टी डालकर छोड़ रहे हैं। इससे नगरवासी परेशान है।

भिनगा नगर में हर घर नल से जल देने के लिए मार्ग पटरियों को जेसीबी से खोदा गया है। ऐसा कोई भी वार्ड या मोहल्ला नहीं है। जहां पाइप लाइन बिछाने के लिए मुख्य मार्ग या पटरियां न खोदी गई हों। इसके बाद ठेकेदार पाइप डालकर मिट्टी से ढक कर छोड़ रहे हैं। इससे न सिर्फ वहां लगाई गई इंटरलॉकिंग गायब हो रही है, बल्कि मिट्टी भी वाहनों के आने जाने पर उड़ रही है। ऐसे में स्थानीय निवासियों सहित दुकानदारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में जब ग्रीष्म ऋतु का आगमन हो चुका है तब लोगों की दुश्वारी और बढ़ी है। सिंचाई मंत्री ने पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदे गए मार्ग व पटरियों को दुरुस्त करने का सख्त निर्देश देने के बाद भी कार्यदाई संस्था व ठेकेदार की ओर से खोदी गई नालियों में मिट्टी डालकर छोड़ देने से नगर में जन आक्रोश पनप रहा है। इससे नाराज नगरवासियों ने ईओ डा अनीता शुक्ला से हस्तक्षेप कर समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।


भिनगा के सिविल लाइन वार्ड में विकास भवन व कलेक्ट्रेट के मध्य खोदी गई मार्ग की पटरी। अमृत विचार

## ईंट-भट्टे पर काम करते समय झुलसा श्रमिक

**बहराइच, अमृत विचार।** नानपारा इलाके में स्थित एक ईंट भट्टे पर काम करते समय एक श्रमिक आग की चपेट में आकर झुलस गया, भट्टा स्वामी ने उसे इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हरदी थाना क्षेत्र में नसीबपुर ग्राम का रहने वाला शहरे आलम नानपारा कोतवाली के पचपेड़वा इलाके में स्थित आनंद नाम के व्यक्ति के ईंट भट्टे पर काम करता है। जब वो भट्टे में फुंकाई कर रहा था तभी संतुलन बिगड़ने से वो आग की चपेट में आग गया जिसके चलते उसके दोनों पैर व एक हाथ झुलस गया। मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने उसे खींच कर बचाया। जिसके बाद श्रमिक को आनन फानन में इलाज के लिए नानपारा स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया प्राथमिक उपचार के बाद उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## प्रेमी ने ही गला घोंटकर की थी महिला किसान नेता की हत्या

**जमुनहा, श्रावस्ती।** एक प्रेमी ने अपनी प्रेमिका महिला किसान नेता की दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी। बाद में शव को जंगल में ले जाकर जला दिया। पुलिस ने शव के अवशेष को बरामद करते हुए हत्यारोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के बांसगढ़ी निवासी आंचल मिश्रा पत्नी संतोष मिश्रा भारतीय किसान यूनियन महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष थीं। 17 फरवरी को वह संगठन की बैठक में शामिल होने भिनगा के लिए घर से निकली थी लेकिन रात में वह घर नहीं लौटी। संतोष ने तलाश की लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं लगा। इस पर पति ने 19 फरवरी को मल्हीपुर थाने में आंचल की गुमशुदगी दर्ज कराई। मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान घटना के दिन आंचल का मोबाइल लोकेशन व थाना क्षेत्र के ही भवनियापुर निवासी सूरज वर्मा पुत्र छोटे का मोबाइल लोकेशन ककरदरी जंगल में एक ही स्थान पर मौजूद मिला। इस पर पुलिस ने सूरज को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। इसमें खुलासा हुआ कि आरोपी सूरज ने महिला की हत्या कर शव को जंगल में सूखे पत्तों की मदद से जला दिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर पर्स, अधजली साड़ी, जूता आदि बरामद कर लिया।

## जिला स्तरीय जूनियर खेल स्पर्धा 12 से

**बहराइच, अमृत विचार।** क्रीड़ा अधिकारी आनन्द कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जिला खेल कार्यालय, इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम, बहराइच द्वारा वर्ष 2025-26 अन्तर्गत जिला स्तरीय जूनियर बालक/बालिका वर्ग हेतु 02 दिवसीय खेल प्रतियोगिता प्रस्तावित है। क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि 12 मार्च 2026 को जूडो, बॉक्सिंग, तीरन्दाज़ी, हॉकी एवं कबड्डी तथा 13 मार्च 2026 को हैण्डबाल, वालीबाल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स एवं बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि जूनियर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु आयु के सम्बन्ध में खिलाड़ियों को विद्यालय द्वारा प्रदत्त जन्मतिथि प्रमाण पत्र अथवा नगर पालिका द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड छाया प्रति टीम मैनेजर या संस्था द्वारा प्रमाणित कराकर खिलाड़ियों की सूची तिथि के एक दिवस पूर्व संबंधित जिला खेल कार्यालय, इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में जमा करनी होगी।

## मार्ग दुर्घटना में तीन लोग घायल

**इकौना, श्रावस्ती।** इकौना थाना क्षेत्र अंतर्गत बौद्ध परिपथ पर मोहनीपुर के पास गिलौला क्षेत्र के कुम्हारन पुरवा निवासी लिशू चौहान (22) पुत्र विशंभर रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। घटना में लिशू गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने एंबुलेंस से उसे सीएचसी इकौना में भर्ती कराया। जहां से हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया। वहीं बौद्ध परिपथ पर ही इकौना पर तहसील के पास शुक्रवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें सोनवा थाना क्षेत्र के नारायणपुर निवासी छैल बिहारी प्रजापति सहित दोनों बाइक सवार घायल हो गए। दोनों घायलों को निजी वाहन से सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया। वहां से दोनों को जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया गया है।

## होली मिलन समारोह आयोजित

**जमुनहा/इकौना, श्रावस्ती।** इकौना के रामलीला मैदान व जमुनहा बाजार में गुरुवार को परंपरागत होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इकौना में जहां कलाकारों ने मयूर नृत्य, राधा कृष्ण की झांकियां सहित अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मन मोहा। वहीं जमुनहा में कवियों ने अपनी रचनाओं से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इकौना में मुख्य अतिथि श्रावस्ती विधायक रामफेरन पांडेय ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने का अवसर है। यह पर्व समाज में प्रेम,सद्भाव और भाईचारे का संदेश देता है। इससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। होली महासमिति अध्यक्ष कन्हैया कसौधन ने कहाकि समाज में सेवा और सहयोग की भावना ही सच्ची खुशहाली लाती है। विहिप के ओमप्रकाश त्यागी ने होली पर सभी सनातनियों को एकजुट होने की अपील की। इस मौके पर डा रमेश मिश्रा, बिन्नू तिवारी, सत्यवर्धन गोयल सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। वहीं तहसील अधिवक्ता संघ इकौना की ओर से अधिवक्ता संघ सभागार में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता संघ अध्यक्ष उदयराज पांडेय ने की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने एक दूसरे से गले मिलकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। वहीं जमुनहा के प्राथमिक विद्यालय जमुनहा द्वितीय में राम जानकी मंदिर समिति की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता आशाराम जायसवाल व संचालन रामू भाई हिन्दुस्तानी ने की। हास्य कवि ओम प्रकाश आर्य ने कुसुम किसलय कुंज कोकिल, कूकते है फ़ाग में, तन और मन भीगे हुए है, प्रेम और अनुराग में। तन प्रफुल्लित मन प्रफुल्लित, नित नए उत्सर्ग में, ईश् अनुकम्पा बिखेरे, होलिका के पर्व में तथा प्रेम हो निराला और प्रेम का निराला पन, प्रेम की प्रणाली एक प्रेमी खोज पाता है।

## अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर गोष्ठी आयोजित

**बहराइच, अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पंचशील डेवलपमेंट ट्रस्ट द्वारा मंझारा तौकली क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण, बालिकाओं की शिक्षा और किसानों की आजीविका उन्नयन को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के 300 से अधिक लोगों ने भाग लिया। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक रमेश चौधरी ने कहा कि उन्हें यह देखकर अत्यंत खुशी हो रही है कि पंचशील डेवलपमेंट ट्रस्ट पिछले कई वर्षों से इस क्षेत्र में कार्य करते हुए महिलाओं, बालिकाओं और किसानों को प्रशिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रहा है। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के जिला विकास प्रबंधक कैलाश जोशी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के सम्मानजनक जीवन के लिए उन्हें



कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किये गये लोग। अमृत विचार

बैंकिंग सेवाओं और वित्तीय अवसरों से जोड़ना आवश्यक है। संचालन करते हुए पंचशील डेवलपमेंट ट्रस्ट के निदेशक ध्रुव कुमार ने कहा कि परिवार और समाज में महिलाओं और बेटियों को सम्मानजनक जीवन का अवसर देना आवश्यक है। इस अवसर पर रमैया पत्नी दिलेराम, सीला पत्नी अमरजीत, आसावती पत्नी प्रसाद, चंपा देवी पत्नी जगतपाल तथा रामावती पत्नी अजय कुमार को प्राकृतिक खेती के माध्यम से प्रतिवर्ष तीन लाख रुपये से अधिक आय अर्जित करने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कुमारी अंजली गौतम को भी सम्मानित किया गया। रामतेज यादव ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आए सभी महिलाओं, पुरुषों, बच्चों और बालिकाओं का योगदान रहा है। पिछले पंद्रह वर्षों में इस क्षेत्र में काफी सकारात्मक बदलाव आया है।

